वाराणसी शुक्रवार
20 दिसम्बर 2024
वर्ष : 1 अंक : 33
मूल्य : 4.00 रुपए
पृष्ठ : 08
Title Code : UPHIN51376

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# उजाला संचार

ujalasanchar376@gmail.com




वाराणसी से प्रकाशित तथा लखनऊ, बरेली, कानपुर, प्रयागराज, चंदौली, सोनभद्र, मिर्जापुर बलिया, जौनपुर, गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़, गोरखपुर, भदोही, देवरिया सहित यूपी, बिहार, दिल्ली से प्रसारित

# यूपी विधानसभा: सदन स्थगन पर सत्ता पक्ष ने बताया विकास में बाधा

## विपक्ष बोला आवाज दबाई जा रही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गुरुवार को हंगामे के कारण सदन को अनिश्चितकाल के स्थगित कर दिया गया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सपा के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। जिस कारण सदन में अनुपूरक बजट पर चर्चा नहीं हो सकी। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने प्रतिक्रिया दी है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि आज बड़ा ताज्जुब है कि ऐसी पार्टी के लोग जिन्होंने सारे जीवन बाबा साहेब अम्बेडकर का अपमान किया हो, जिन्होंने बाबा साहेब की सोच रखने वाले बसपा मुखिया पर जानलेवा हमला किया हो। आज वह लोग सदन में बाबा साहेब की फोटो लेकर प्रदर्शन करके क्या साबित करना चाहते हैं। क्या यूपी की जनता आपके कारनामे को भूल गई हैं। लोगों को पता है कि अपने दलित नेता की जान लेने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि आप ने बाबासाहेब के संविधान का विरोध किया। उसके बावजूद विधानसभा और परिषद को नहीं चलने दिया जा रहा है। एक तरफ बाबासाहेब की फोटो की दुहाई देते हो। दूसरी ओर संविधान और लोकतांत्रिक मान्यताओं का विरोध करते हुए सदन की कार्यवाही में बाधा पैदा करते हो। यह दोहरा चरित्र नहीं चलेगा। संविधान बांटना, पढ़ना और रखना गौरव की बात है। लेकिन संविधान हाथ में लेकर उसका और उसकी मान्यताओं का विरोध करना स्वीकार नहीं है।



योगी सरकार मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि विधानसभा का सत्र यूपी के विकास के लिए बहुत अनिवार्य है। लेकिन सपा जानबूझकर राज्य के विकास में रोड़ा बनती है। सपा ने सदन नहीं चलने दिया। यूपी के विकास से सपा से कोई मतलब नहीं है। अगर कोई उनका मुद्दा था वह सदन में अपनी बात रख सकते थे। लेकिन सपा का मकसद केवल हंगामा खड़ा कर राजनीतिक माइलेज इकट्ठा करना है। प्रदेश की जनता ने देखा कि किस तरह से विधानसभा को सपा ने बाधित किया। इसके लिए उन्हें जनता माफ नहीं करेगी। योगी सरकार ने राज्य के विकास के लिए जो वादा किया उस पर गंभीरता और ईमानदारी से काम करेंगे।

विधायक पल्लवी पटेल ने कहा कि भाजपा अपना चाल चरित्र और चेहरा छिपाएगी। इस सदन में पिछड़े अपनी बात नहीं कह सकते है। पल्लवी पटेल, अतुल प्रधान या अनिल प्रधान उनको डांट और बेज्जत कर उन्हें मार्शल से बाहर करवा दिया जाएगा। इस सदन में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ बात न हो इसलिए नियम का हवाला करके रोक दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस प्रदेश की जनता ने मुझे सदन में भेजा हुआ। मेरी प्रतिबद्धता यहां की जनता के प्रति है। मैं भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ इस सदन को बताना चाहती हूं कि भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा क्या है। वो पिछड़ों और महिलाओं के नाम पर सत्ता चाहते हैं। लेकिन उसी पिछड़ी महिला की आवाज दबाकर सदन के बाहर करते आ रहे हैं। 2024 में पीएम मोदी के नाम पर चुनाव लड़ रहे थे। उनकी लोकसभा को बेचकर खा गए। अगर बुद्धि ठीक नहीं हुई तो यही जनता आने वाले चुनाव में खींचकर मारेगी।

सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय ने कहा कि इस सदन के स्थगित होने से प्रदेश की जनता का भारी नुकसान हुआ । प्रदेश की 25 करोड़ की जनता के हितों और उनकी समस्याओं पर चर्चा होती है। जनता का भारी नुकसान हुआ। सदन और पक्ष और विपक्ष अपनी बात रखता है। विरोध भी करता है। यह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का अंग है। सदन न चलने देना प्रदेश की जनता का बड़ा नुकसान है।

# संसद-परिसर में धक्का-मुक्की राहुल पर हत्या की कोशिश का केस

## भाजपा सांसद सारंगी घायल हुए थे; राहुल ने कहा- भाजपा सांसदों ने मुझे धमकाया

**नई दिल्ली।** संसद परिसर में गुरुवार सुबह धक्का-मुक्की के दौरान ओडिशा के बालासोर से सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हो गए। सारंगी ने आरोप लगाया कि राहुल ने एक सांसद को धक्का दिया, जो उनके ऊपर गिरा।

सारंगी जब मीडिया के सामने आए, तब उनके सिर से खून निकल रहा था। सारंगी के अलावा फरुर्खाबाद के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को भी चोट आई है। दोनों को फ्टछ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट ने बताया कि दोनों नेताओं के सिर में चोट लगी है। उन्हें क्ळव रखा गया है। प्रताप सारंगी को काफी ब्लीडिंग रही थी। उनका घाव भी गहरा था, इसलिए टांके लगाने पड़े।

मुकेश राजपूत बेहोश हो गए थे। अब उन्हें होश तो आ गया है लेकिन चक्कर आ रहे हैं। उनका इढ बढ़ गया था। घटना के बाद भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है।

दूसरी तरफ कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह, राजीव शुक्ला और प्रमोद तिवारी ने मल्लिकार्जुन खड़गे से धक्का-मुक्की और खराब व्यवहार किए जाने की शिकायत दर्ज कराई है।




वहीं, जब राहुल से जब धक्का-मुक्की पर सवाल हुआ तो उन्होंने कहा कि भाजपा सांसदों ने उन्हें धमकाया और धक्का-मुक्की की। संसद के मेन गेट मकर द्वार का घेराव करके उन्हें संसद में एंट्री करने से रोका गया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी कहा कि मेरे और प्रियंका के साथ धक्का-मुक्की की गई। खड़गे ने कहा- धक्का लगने से उनके घुटने में चोट आई है। पूरे घटनाक्रम की जानकारी पीएम नरेंद्र मोदी को दी गई, जिसके बाद उन्होंने दोनों सांसदों से फोन पर बात की और उनका हाल-चाल जाना।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- राहुल नेता प्रतिपक्ष हैं, उन्हें पहलवानी दिखाने की क्या जरूरत है। उन्होंने कराटे क्या दूसरों को मारने के लिए सीखा है। भाजपा सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से शिकायत की है।

# मुंबई कांग्रेस दफ्तर में भाजपा कार्यकताओं ने की तोड़फोड़

## सोनिया, राहुल, प्रियंका के पोस्टर्स पर काला रंग फेंका, पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ा

**मुंबई, दिल्ली, जयपुर, पटना।** भाजपा युवा मोर्चा के सदस्यों ने मुंबई के आजाद मैदान के पास स्थित कांग्रेस कमेटी के दफ्तर पर हमला किया, पुलिस ने इन्हें रोकने के लिए लाठीचार्ज किया। भाजपा युवा मोर्चा के सदस्यों ने मुंबई के आजाद मैदान के पास स्थित कांग्रेस कमेटी के दफ्तर पर हमला किया, पुलिस ने इन्हें रोकने के लिए लाठीचार्ज किया।

मुंबई में गुरुवार को भाजपा कार्यकताओं ने कांग्रेस दफ्तर में तोड़फोड़ की। दरवाजे और खिड़की के शीशे तोड़ डाले। कांग्रेस दफ्तर के बाहर लगे सोनिया, राहुल, प्रियंका और मल्लिकार्जुन खड़गे के पोस्टर पर काला रंग फेंका।

पुलिस ने हालात काबू में करने के लिए पहले उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्हें हिंसक होता देख लाठीचार्ज किया। इस दौरान कुछ कार्यकर्ता घायल हुए। तोड़फोड़ के दौरान भाजपा कार्यकर्ता वंदे मातरम का नारा लगा रहे थे। उनका कहना था कि अंबेडकर का अपमान अमित शाह ने नहीं, बल्कि कांग्रेस ने किया है।




गृह मंत्री अमित शाह ने 17 दिसंबर को राज्यसभा में विपक्ष के नेताओं से कहा था- अंबेडकर जितना नाम अगर भगवान का लिया होता तो 7 जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।

# अखिलेश ने बुलाई विधायकों की आपात बैठक

## विधायक अतुल प्रधान ने कहा- संविधान की उड़ाई जा रही धज्जियां



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने गुरुवार को अपने सभी विधायकों की एक बैठक बुलाई है। जिसमें सदन में कैसे रणनीति से आगे बढ़ा जाएगा इस पर मंथन हो रहा है। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव भी भाग लेने पहुंचे है।

इस दौरान विधायक मेरठ के सरधना से विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि इस समय कैसे लोकतंत्र का हनन हो रहा है। संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। विपक्ष किसी विषय पर अपनी बात रखता है तो उसे कैसे प्रताड़ित किया जा रहा है। किस तरह की भाषा का इस्तेमाल हो रहा है। देश के स्तर पर देखें तो कैसी भाषा और व्यवहार हो रहा है। इस तरह का व्यवहार और भाषा अशोभनीय है। बाबा साहब के साथ किस तरह का व्यवहार हो रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा और आरएसएस की विचारधारा से सभी परिचित हैं। प्रकाश अंबेडकर ने भी कहा कि आरएसएस बाबा साहब के खिलाफ रही है।

हम लोग जनहित के विषय उठा रहे हैं। अस्पताल के बाहर मरीजों की लूट चल रही है। हम स्वास्थ्य मंत्री से पूछना चाहते हैं झांसी में बच्चों की मौत हुई। इस बात को उठाना है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दशा है।

केजीएमसी लोहिया जैसे अस्पताल बर्बाद हो रहे हैं। हमें जनता ने चुना है। हम जनता के लिए लड़ेंगे। इनके लिए जान चली जाए तो कम है।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने बैठक बुलाई है। वह दिशा निर्देश देंगे। समय समय पर पार्टी के दिशा-निर्देश मिलते है। उस पर हम अमल करते हैं।

### मौसम



सूर्योदय : 7.00
सूर्यास्त : 5.20

# जो बाबा साहेब से करे प्यार, वो भाजपा से करे इनकार : अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को मंदिर मार्ग स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की और जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान किया है। जो बाबा साहेब से करे प्यार, वो भाजपा से करे इनकार। मैं बाबा साहेब को अपना आदर्श मानता हूं और उनका अपमान करने वाली भाजपा का हर स्तर पर विरोध करुंगा। बाबा साहेब हमारे लिए भगवान हैं। हम उनका अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। अब यह चुनने का वक्त आ गया है कि बाबा साहेब से प्यार करने वाला भाजपा से प्यार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि संसद इस देश की सबसे बड़ी पंचायत है। जहां पूरे देश के लोग जाकर बैठते हैं और देश की समस्याओं पर चर्चा करते हैं। मंगलवार की शाम संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर पर एक बयान दिया। यह अपने आप में बहुत पीड़ादायक था।



# सुशासन का प्रतीक माने जाते हैं अटल जी : सीएम योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन का प्रतीक माने जाते हैं। राजनीतिक अस्थिरता को स्थिरता में बदलना, सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करना, देश के अंदर अंत्योदय की योजना, हर गरीब-वंचित को अधिकार मिले, अंत्योदय कार्ड-राशन उपलब्ध कराने की कार्रवाई हो, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, अनुसूचित जाति-जनजाति या पिछड़े वर्ग को उनका अधिकार दिलाने के साथ ही स्वर्णिम चतुर्भुज, विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर व हाईवे अटल जी की देन है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को संगीत नाटक अकादमी में सुशासन सप्ताह का शुभारंभ किया। सीएम ने अटल जी के व्यक्तित्व, कृतित्व पर लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ व अवलोकन किया। अटल जी के जन्मदिवस की 100वीं वर्षगांठ पर 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा।




सीएम योगी ने कहा कि भारत मां के महान सपूत, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का यह जन्म शताब्दी वर्ष है। पीएम मोदी की प्रेरणा से आज से पूरे देश-प्रदेश में सुशासन सप्ताह का शुभारंभ हो रहा है। अटल जी की पैतृक जन्मभूमि उत्तर प्रदेश है। उन्होंने अपनी कर्मभूमि के रूप में भी उत्तर प्रदेश को ही चुना। बलरामपुर और लखनऊ से कई बार उन्होंने संसद में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। विदेश मंत्री, प्रधानमंत्री के रूप में भी उन्होंने देश को सक्षम नेतृत्व प्रदान किया। अटल जी कवि, पत्रकार, साहित्यकार व राजनेता थे। वे समन्वय के साथ सबको लेकर चलने का सामर्थ्य रखते थे। वे भारतीय राजनीति के अजातशत्रु कहे जाते थे। अटल जी का छह दशक का सार्वजनिक जीवन बिना किसी कलंक के रहा।

उन्होंने आगे कहा कि आज से हर जनपद में कार्यक्रम प्रारंभ हुए है, जो सप्ताह भर (25 दिसंबर) चलेंगे। स्कूली बच्चों के लिए सुशासन पर निबंध लेखन, उच्च शिक्षा स्तर पर भाषण, पेंटिंग प्रतियोगिता, ग्रामीण क्षेत्र में संगोष्ठी के आयोजन हो रहे हैं। इसके साथ ही पूरे वर्ष भर भी आयोजन होंगे। विजेताओं को 25 दिसंबर को सम्मानित किया जाएगा। इस दिन शाम को अटल जी की कविताओं पर आधारित काव्य संध्या भी हर जनपद, स्कूलों-कॉलेजों में होगी। इसमें नवोदित कवियों को मंच प्रदान किया जाएगा।

# अफगानिस्तान : भीषण सड़क हादसों में 44 की मौत, 76 घायल

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में बुधवार रात दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम 44 यात्रियों की मौत हो गई और 76 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक मुल्ला हमीदुल्ला नेसार ने बताया कि ये दुर्घटनाएं गजनी शहर के बाहरी इलाके और प्रांत के अंदार जिले में, राजधानी काबुल को दक्षिणी कंधार प्रांत से जोड़ने वाले राजमार्ग के पास हुईं। नेसार के अनुसार, सभी घायलों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है, लेकिन अधिकांश की हालत गंभीर बताई गई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, भीड़भाड़ वाली सड़कों पर लापरवाही से गाड़ी चलाना और जर्जर मार्गों पर यातायात संकेतों की कमी युद्धग्रस्त देश में सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण हैं।

# दिव्य और भव्य महाकुंभ योगी सरकार का संकल्प, विधानसभा में होगी चर्चा: केशव मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को कहा कि हमारी सरकार की कोशिश दिव्य और भव्य महाकुंभ को सफल बनाने की है।

उन्होंने आगे कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन 2019 के महाकुंभ में हो रहा है। इस बार के महाकुंभ में दुनिया भर से लोग यहां आने वाले हैं। 2019 के अर्धकुंभ से बेहतर इस बार महाकुंभ में व्यवस्था की गई है। विधानसभा में इसको लेकर चर्चा होगी। मुझे उम्मीद है कि इस दौरान कुछ अच्छे सुझाव भी आएंगे। हमारी सरकार की कोशिश दिव्य और भव्य महाकुंभ को सफल बनाने की है।

संगम नगरी प्रयागराज में महाकुंभ मेला 13 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए तैयारियों में जुटी हुई है।




वहीं लखनऊ में कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन में शामिल पार्टी कार्यकर्ता प्रभात पांडेय की मौत को लेकर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राजनीतिक कार्यकर्ता की मौत दुखद है। मुकदमा दर्ज किया गया है। मुझे रिपोर्ट के विवरण के बारे में जानकारी नहीं है। अगर कोई दोषी होगा तो उसके ऊपर कार्रवाई होगी। इस घटना से जुड़े परिवार के प्रति मैं सहानुभूति व्यक्त करता हूं।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्म और विरासत की दुश्मन रही है। वह पिछड़े वर्गों, दलितों और वंचितों की भी दुश्मन रही है। कांग्रेस शासन के दौरान बाबा साहेब को भारत रत्न नहीं मिला, इसकी कोई वजह रही होगी और कांग्रेस को इसका जवाब देना होगा।

उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने विशेष निर्देश दिए हैं, जिसके अनुसार सदस्यों को बोलते समय कुछ सीमाओं के भीतर रहना चाहिए। मेरा मानना है कि सदन के सदस्यों को गरिमा के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। इस सत्र की शुरूआत से ही विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के नेतृत्व में सदस्यों को अपने विचार व्यक्त करने का पर्याप्त अवसर दिया गया है।

# यूपी के शाहजहांपुर में ट्रक ने कार को मारी टक्कर, पांच की मौत

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में बीती रात ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार में सवार पांच लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए।

पुलिस ने सभी को एंबुलेंस से राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। एक परिवार के तीन लोगों की मौत से कोहराम मच गया। इसी परिवार के तीन लोग घायल भी है।

जानकारी मिलने के बाद डीएम, एसपी, एसपी सिटी पुलिस बल के साथ राजकीय मेडिकल कालेज पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना। डीएम ने बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए हैं। यह घटना थाना मदनापुर क्षेत्र में हुआ है।

थाना कांट क्षेत्र के नवादा जिले के रहने वाले 40 साल के रियासत अली, 38 साल की पत्नी आमना बेगम, 7 साल की बेटी



गुड़िया, खुशी, सुबहान और अरमान के साथ अपनी कार से दिल्ली जाने के लिए देर रात नौ बजे निकले थे। अर्टिगा कार में उनकी जान पहचान का एक और परिवार बैठा था। घर से निकलते ही जैसे ही कार मदनापुर के बरखेड़ा के पास पहुंची।

पूर्वांचल समाचार
ujalasanchar376@gmail.com ujalasanchar
राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक
उजाला संचार

## सपा ने गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा, भाजपा संविधान को नही मानतीः देवी प्रसाद चौधरी

**उजाला संचार**

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी ने केंद्र सरकार के गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफा की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय लोहिया ट्रस्ट से पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित मांग पत्र अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रकाश शुक्ला व नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर, उपजिलाधिकारी भरत लाल को ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने संविधान निर्माण डॉ आंबेडकर के प्रति जो कहा वह निंदनीय है। आरोप लगाया कि भाजपा संविधान को नहीं मानती। कहा कि संविधान की शपथ लेने वाले बाबा साहब के नाम लेने को गुनाह मानते हैं। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को कैबिनेट से हटाने की मांग की।



## गरीब की रिहायशी झोपड़ी में लगी आग, 10 वर्षीय मासूम बच्ची सहित 10 बकरियां व गृहस्थी का सारा सामान जलकर हुई राख

### घटनास्थल पर एसडीएम सहित तहसील के पहुंचे अधिकारी

**उजाला संचार**

**जखनिया, गाजीपुर।** भुडकुडा कोतवाली अंतर्गत रघुनाथपुर भडेवर ग्राम सभा के मस्तीपुर मे आज सुबह तड़के 5:00 बजे अलाव के चिंगारी से विक्षिप्त व्यक्ति प्रमोद पासी के रिहायसी झोपड़ी तेज लपटों के साथ जलने लगी। ठंड में लोग अपने घरों में सोए थे चिख पुकार सुनकर जब तक लोग पानी फेंक कर आग पर काबू पाना चाहा तब तक झोपड़ी में सो रही प्रमोद पासी की 10 वर्षीय मासूम बच्ची वर्षा ,और 10 बकरियां आग में शोला बन गई। प्रमोद पासी की पत्नी कौशल्या देवी किसी तरह अपने दो बेटे और बेटियों को नींद से जगा कर बाहर निकलने में कामयाब रही। जब तक दोबारा अपने मासूम को निकालने की कोशिश करती पूरा रिहायसी झोपड़ी आग का शोला बन गया। 20 मीटर तक आग की लपट की वजह से लोग दूर ही रह पाए। परिजनों ने बताया कि इस भीषण आग में एक मासूम वर्षा, सहित 10 बकरियां और गृहस्थी का सारा सामान लोगों की आंखों के सामने जलकर राख हो गई। मृतक का पिता प्रमोद पासी काफी दिनों से विक्षिप्त है।



## शातिर गो-तस्कर गिरफ्तार, 60 राशि गोवंश बरामद

**उजाला संचार**

**मिर्जापुर।** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'अभिनन्दन' द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा वांछित/पुरस्कार घोषित/ ईनामियां/ गो-तस्करी के अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना मड़िहान पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है । जगंल के रास्ते वध हेतु ले जाए जा रहे 60 राशि गोवंशो को बरामद कर एक शातिर गो-तस्कर को गिरफ्तार किया गया । दिनांकः 18. 12.2024 को वरिष्ठ उप-निरीक्षक राजेश सिंह मय पुलिस टीम देखभाल थाना क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि इस दौरान प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र के ग्राम दाती नहर पटरी जगंल वहद के रास्ते तस्करों द्वारा कुछ राशि गौवंश को मारते पीटते हुए वध हेतु बिहार ले जा रहे है ।



## बकायादारों को को मिली छूट की सुविधा



**उजाला संचार, गाजीपुर।** जिले के विकासखंड जमानिया स्थित नई बाजार गांव में विद्युत विभाग द्वारा 19 दिसंबर 2024 को एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 33/11 के अप विद्युत उपभोक्ताओं को अपने नजदीकी बिजली बिल जमा करने की सुविधा प्रदान करना था सिविल में सभी छोटे बकायदार को बिजली बिल जमा करने का मौका दिया गया और साथ ही छूट का प्रावधान भी किया गया।

## मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-05 के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/ बालिकाओं को सोनभद्र पुलिस द्वारा किया गया जागरुक

**उजाला संचार**

**सोनभद्र।** समस्त महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व डीजिटल अरेस्ट व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया है।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों/आरक्षियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/ बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।

## थाना चोपन पुलिस द्वारा खोये हुए 01 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद कर मोबाइल स्वामी को किया गया सुपुर्द

**उजाला संचार**

**सोनभद्र।** आवेदक राहुल पुत्र कृष्ण कुमार निवासी गंगटी पोस्ट अदलगंज थाना चोपन जनपद सोनबद्र का मोबाइल कहीं खो गया था, जिसकी सूचना आवेदक द्वारा थाना चोपन पुलिस को दी गयी तो पीड़ित के खोये हुये मोबाइल की डिटेल यूपी कॉप एप्लीकेशन के माध्यम से पोर्टल पर दर्ज कराया गया।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन में जनपद में खोये/ गिरने से सम्बन्धित मोबाइल सेट की बरामदगी करने हेतु जनपद के समस्त थानों पर मोबाइल रिकवरी टीम गठित किया गया।

## जिला मुख्यालय पर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**उजाला संचार**

सोनभद्र। जिला कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड के नेतृत्व में जिला मुख्यालय के बढ़ौली चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें देश के भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह जी द्वारा संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर विवादित बयान का विरोध करते हुए अमित शाह का पुतला जलाकर विरोध जताया गया कल दिनांक 18/12/2024 संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर पर विभादित बयान दिया जिस पर कांग्रेस पार्टी द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए गृहमंत्री जी का बयान सिर्फ डॉक्टर बाबा भीमराव अंबेडकर जी की अपमान नहीं इस देश के संविधान का अपमान है इस देश में निवास करने वाले दलित आदिवासी पिछड़े गरीब लोग के साथ आम जनमानस का अपमान है विरोध करते हुए जिलाध्यक्ष श्री रामराज सिंह गोंडने कहा कि गृहमंत्री जी का बयान देश के संविधान का अपमान के साथ साथ इस देश में निवास करने वाले दलित आदिवासी पिछड़े दबे कुचले आमजनमानस का अपमान है।




## सैयदराजा नगर पंचायत अध्यक्ष के उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार आभा जायसवाल 98 वोटों से विजयी

**चंदौली।** सैयदराजा नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के उपचुनाव का परिणाम घोषित हो गया है और भाजपा की प्रत्याशी आभा जायसवाल को कड़ी टक्कर के बाद जीत भी मिल गई है। सपा समर्थित उम्मीदवार इशरत खातून को 98 वोटो से पराजित किया है। जीत की घोषणा के बाद भाजपा के कार्यकताओं में जोश भी देखने को मिल रहा है।गौरतलब है कि सैयदराजा के नगर पंचायत के उप चुनाव में तीन प्रत्याशियों में लड़ाई देखने को मिल रही थी, लेकिन यहां केवल कमल के फूल और सपा समर्थित निर्दल प्रत्याशी के हथौड़ा चुनाव चिन्ह में कांटे की टक्कर देखने को मिल रही थी।

## भागवत कथा की तैयारी पूर्ण

**उजाला संचार, बलिया।** नगरा बलिया नगरा नगर पालिका में सात दिवसीय वृंदावन धाम से आए श्री श्याम बृज बिहारी जी महाराज रसिक जी (मां काली मंदिर सिकंदरपुर रोड नगरा) द्वारा सात दिवसीय भागवत कथा को आज चौथे दिन है, इस कड़ाके की ठंड में प्रतिदिन श्रोताओं के वृद्धि उपरांत आज लगभग पांच ,छः सौ श्रोताओं को बैठने की जरूरत पूर्ण किया गया। वृंदावन बिहारी के भागवत कथा का आज चौथा दिन है। कार्यक्रम के सहयोगी है, जयशंकर सिंह (व्यवस्थापक), विनोद सोनी (विनोद ज्वेलर्स, नगरा) इस्तियाक अहमद(पप्पू), ओम प्रकाश,सरिता देवी पत्नी रमाकांत राम,संजय पाण्डेय सभासद।

## मण्डलायुक्त ने पूर्वांचल विकास निधि जिलांश अंतर्गत मा0 जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्ताव के संबंध में की गई समीक्षा

**उजाला संचार**

**मीरजापुर।** 2024-मण्डलायुक्त डॉ0 मुथु कुमार स्वामी बी0 की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में पूर्वांचल विकास निधि जिलांश अंतर्गत मा0 जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्ताव के संबंध में समीक्षा की गई। मीरजापुर का प्रस्ताव अभी प्राप्त नहीं हुआ है, सोनभद्र का प्रस्ताव प्राप्त हो गया है एवं भदोही का आंशिक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिन जनपदो से अभी तक प्रस्ताव उपलब्ध नही कराया गया है तत्काल मा0 जनप्रतिनिधि से सम्पर्क कर उपलब्ध कराएं। गत वर्ष 2022-23 व 2023-24 कराए गए कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि तीनों जनपदों में कुछ कार्य पूर्ण हो गए हैं कुछ कार्य प्रगति पर है कुछ कार्य पूर्ण हो गए हैं किंतु गुणवत्ता संतोषजनक न पाए जाने पर कराए गए कार्यों की टीम गठित कर मुख्य विकास अधिकारी को जांच करने का निर्देश मण्डलायुक्त ने दिया। उन्होंने कहा कि यदि गुणवत्ता खराब पाई जाती है तो संबंधित से नियमानुसार 10 प्रतिशत धनराशि की वसूली की जाए।



## धूल व धूएं के कारण प्रदूषण बढ़ने से जनपद का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 133 पहुंचा

**चंदौली।** ठंड के साथ कोहरे के बीच जिले की आब-ओ-हवा बिगड़ने लगी है। धूल और वाहनों के धुएं के कारण प्रदूषण बढ़ने से गुरुवार को जनपद का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 133 पहुंच गया। वहीं, हवा की रफ्तार घटने और न्यूनतम तापमान दो डिग्री बढ़ने की वजह से शीतलहर से कुछ राहत मिली है। एक्यूआई का स्तर 75 से 100 के बीच सामान्य माना जाता है जबकि इससे अधिक होने पर यह खतरनाक की श्रेणी में आ जाता है। मंगलवार को जिले में सुबह कोहरा छाने के कारण एक्यूआई 155 तक पहुंच गया था लेकिन धूप निकलने के बाद यह घटकर 130-135 पर आ गया।

## 25 हजार का इनामिया वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**उजाला संचार**

**जौनपुर।** डा0 अजय पाल, पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों एवं वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में थाना केराकत पुलिस द्वारा प्र0नि0 अवनीश कुमार राय के नेतृत्व में थाना खुटहन पर पंजीकृत मु0अ0सं0-75/2023 धारा 406/420/ 506/467/ 468/471 आईपीसी के वांछित अपराधी रिजवान अहमद पुत्र रईस अहमद निवासी बखरा नोनारी थाना सरायमीर जनपद आजमगढ़, जिसपर पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा 25000/ रुपये पुरस्कार घोषित किया गया है, को दिनांक 19.12.2024 को अमहित प्राथमिक विद्यालय के पास से समय 09.05 बजे गिरफ्तार कर चालान सम्बन्धित माननीय न्यायालय जौनपुर किया गया । अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है।



## सपा और कांग्रेस ने मांगा गृहमंत्री का इस्तीफा, फूंका पुतला

**आजमगढ़।** गृहमंत्री अमित शाह की ओर से बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के खिलाफ दिए गए कथित बयान से क्षुब्ध होकर कांग्रेस और सपा कार्यकताओं ने उनका पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने मांग की कि जनहित में गृहमंत्री अमित शाह इस्तीफा दें। कांग्रेस कार्यकर्ता अपने कार्यालय से पुतला लेकर गड़वार तिराहे पर पहुंचे। इस दौरान पुतला दहन को लेकर पुलिस के साथ उनकी छीना झपटी भी हुई। इसके बाद भी उन्होंने अमित शाह का पुतला दहन किया। पुतला दहन करने में मुन्ना उपाध्याय, संतोष चौबे सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

## अवैध मांस की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

**उजाला संचार**

**गाजीपुर।** पुलिस ने अवैध को मांस की तस्करी करने वाले को धर दबोचा मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर गढ़वा रेलवे क्रॉसिंग पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को 25 किलो अवैध को मांस वह एक बिना नंबर प्लेट के टोटो टोटो गाड़ी के साथ गिरफ्तार किया पूछताछ में पता चला कि चंदन नगर कॉलोनी गाजीपुर का निवासी अवैध को मास के तस्कर ने इससे पहले कई एक बार अवैध को तस्करी में जेल जा चुका है।



## भदोही के युवक की कोलकाता में हत्या, कमरे में अधजली मिली लाश

**गोपीगंज, भदोही।** कोतवाली के बंजारी गांव निवासी एक युवक की कोलकाता में हत्या कर दी गई। कोलकाता के जोड़ा साखू थाना के पास में रहकर वह प्राइवेट नौकरी करता था। कमरे में उसकी अधजली लाश मिली। परिजन युवक के शव को लेकर घर लौटे और भवानीपुर घाट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने कोलकाता पुलिस पर लीपापोती करने का भी आरोप लगाया। कोतवाली क्षेत्र के बंजारी गांव निवासी विद्या शंकर पांडेय का छोटा बेटा प्रशांत उर्फ शिवम पांडेय (25) कोलकाता के जोड़ा साखू थाना के पास रहकर प्राइवेट नौकरी करता था।



गाजीपुर जिला सहकारी के पूर्व चेयरमैन अरुण सिंह और एमएलसी विशाल सिंह चंचल सिंह ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की इस दौरान गाजीपुर जिले के विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित इस बैठक की जनपद के प्रमुख समस्याओं और उसके निवारण हेतु चर्चा की गई।

## जनसो शहीद बाबा का उर्स 20 दिसंबर को

**चन्दौली।** गंजख्वाजा, (आरटीओ आफिस) स्थित हजरत अमानुल्लाह शाह रहमतुल्लाह (जनसो शहीद बाबा) का सलाना उर्स 20 दिसम्बर को मनाया जायेगा। इसकी जानकारी कमेटी के गद्दे नशीन (महंत) अशरफ जमाल उर्फ (राजू टाइगर) और खुर्शीद अकरम (पाले बाबा) ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने कहा कि शहीद बाबा का उर्स बहुत शानदार तरीके से हर साल मनाया जाता है। इसी तरह इस साल भी 20 दिसम्बर को मनाया जा रहा है। साथ ही उर्स मे हमेशा की तरह उर्स पर मेले का भी आयोजन होगा।

## कोतवाली से 200 मीटर दूर व्यापारी से 3.92 लाख की लूट

**आजमगढ़।** बेखौफ बदमाशों ने नगर कोतवाली से दो सौ मीटर दूर पर पत्तल कारोबारी से दिनदहाड़े तीन लाख 92 हजार लूट कर फरार हो गए। वारदात की जानकारी होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसपी हेमराज मीणा सहित सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे और छानबीन में जुट गए। नगर कोतवाली क्षेत्र के पुरानी सब्जी मंडी निवासी चंदन अग्रवाल की पत्तल दोने की दुकान है। बुधवार दोपहर वह तीन लाख 92 हजार रुपये बैंक में जमा करने के लिए निकले। उन्होंने काली पॉलीथिन में पैसे को रखकर उसे जैकेट में रखे हुए थे।

## काकोरी नायकों के शहीदी दिवस को भाकपा ने सांझी शहादत सांझी विरासत के रूप में मनाया

### क्रांतिकारियों की साझी शहादत साझी विरासत को बचाएं रखने के लिए युवाओं को आगे आना होगा; आर के शर्मा

**सोनभद्र।** बृहस्पतिवार को काकोरी काण्ड के नायकों के शहीदी दिवस पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जिला क्षेत्रीय कार्यालय पटवध पर इंकलाबी नारों के साथ सांझी शहादत और सांझी विरासत के रूप में मनाया गया और गोष्ठी आयोजित किया गया।

जहां उपस्थिति लोगों ने अमर शहीदों को नमन और श्रद्धा सुमन अर्पित किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला सचिव आर के शर्मा ने कहा कि आज से 97 वर्ष पहले अंग्रेजी हुकूमत ने हमारे देश के इन चार बीरों रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां,ठाकुर रोशन सिंह और राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी को सन 1927 में 17 से 19 दिसम्बर के बीच काकोरी केस में फांसी के तख्ते पर चढ़ा दिया था और इन वीरो ने हंसते हसंते फांसी के फंदे को चूम कर अपनी शहादत दे दी। उस दौर में इन क्रांतिकारियों ने धर्म और सम्प्रदाय को ताक पर रखकर जिस देश की आजादी में अपना बलिदान दिया। आज उसी देश में धर्म और सम्प्रदाय की राजनीति चल रही है जो दूर्भाग्यपूर्ण है। वर्तमान सत्ता पर काबिज लोग इन क्रांतिकारियों की उस सोच उस विचारधारा सांझी शहादत सांझी विरासत को भूलकर देश में धर्म और उन्माद की राजनीति करते हुए इस देश की विरासत को बेचने पर भी अमादा है।




## ट्यूबवेल के कुएं में पड़ी मिली लाश, नहीं हो सकी पहचान

**गोपीगंज, भदोही।** कोतवाली क्षेत्र के अमवां माफी गांव में बुधवार की दोपहर एक 60 वर्षीय वृद्ध का शव खेत में ट्यूबवेल के कुएं में पड़ा मिला। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि गांव निवासी मुकेश मिश्रा के खेत में स्थित ट्यूबवेल के कुएं से एक व्यक्ति का शव मिला।

वे पानी की मशीन चलाने पहुंचे तो वृद्ध को देख दंग रह गए उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 124डी के नव निर्माण कार्य से राहगीरों को हो रही काफी मुश्किलें

**बहलोलपुर/मरदह, गाजीपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 124डी उत्तर प्रदेश में स्थित एक राष्ट्रीय राजमार्ग है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग 24 का एक उपमार्ग है। यह मार्ग मरदह से सैदपुर तक विस्तृत है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 59 किलोमीटर है। यह मार्ग मरदह से जखनियां, सादात और सैदपुर से होकर गुजरता है। दिसंबर 2021 में, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मरदह से सैदपुर खंड को दो लेन के साथ पक्के कंधों (पेव्ड शोल्डर) के निर्माण के लिए ?875 करोड़ की स्वीकृति की घोषणा की थी।

मार्च 2023 में, मरदह से सैदपुर (किमी 0.00 से किमी 54.048) तक के खंड के लिए संरचनाओं के सर्वेक्षण और मूल्यांकन कार्य के लिए निविदाएं जारी की गई थीं।



एनएच 124डी पर यात्रा करते समय, आप मरदह से शुरू होकर जखनियां, सादात होते हुए सैदपुर पहुंचेंगे। यह मार्ग उत्तर प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जो स्थानीय परिवहन के लिए महत्वपूर्ण है।

## सिल्वर व गोल्ड मेडल विजेता नेशनल खिलाड़ी का कॉलेज में हुआ भव्य स्वागत

**उजाला संचार**

**रोहनिया।** जगतपुर इंटर कॉलेज जगतपुर के छात्र विकास कुमार जो कि लखनऊ में



आयोजित 26 से 30 नवम्बर को स्कूल नेशनल में 3000 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल तथा 1500 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीत हासिल करने के साथ ही साथ नेशनल में उत्तर प्रदेश की तरफ से व्यक्तिगत चैंपियनशिप भी जीत हासिल किया।बालिका पिंकी यादव जिसने बैडमिंटन स्कूल नेशनल में उत्तर प्रदेश की टीम से प्रतिभाग किया। उक्त दोनों छात्रों को विद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार शर्मा तथा प्रधानाचार्य विपिन चंद्र राय,खेल अध्यापक डॉ जगजीत सिंह , सत्येन्द्र राय एवं समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने माला पहनाकर विद्यालय में सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंधक ने छात्रों को सम्मानित करते हुए दोनों नेशनल खिलाड़ियों को नगद प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की।उक्त दोनों छात्र वर्तमान समय में एनसीसी कैडेट भी है।

# दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**उजाला संचार**

**सेवापुरी वाराणसी।** स्थानीय क्षेत्रांतर्गत स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय सेवापुरी में स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चौथे दिन गृहविज्ञान विभाग की ओर से एकदिवसीय कार्यशाला एवं परिषदीय प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। बसन्त कन्या महाविद्यालय वाराणसी से बतौर मुख्य अतिथि प्रो संगीता देवडिया एवं सुमन मिश्रा ने महाविद्यालय की यशस्वी प्राचार्य प्रो सुधा पाण्डेय के साथ मिलकर संयुक्त




रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया, इस अवसर पर प्रो देवडिया ने महाविद्यालय की छात्राओं को टाई और डाई का प्रशिक्षण दिया, उन्होंने बताया कि यह एक ऐसी कला है, जो कम संसाधन का उपयोग करके अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है, फैशन एक चक्रीय परिवर्तन है, जिसके परिणामस्वरूप लुप्त होती हुई हस्तशिल्प के पुनर्जीवन की उम्मीद बढ़ गई है, प्रथम स्वयंसेवी संगठन की ओर साइबर सतर्कता सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया गया और अन्त में परिषदीय प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित किए गए। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षण संस्थान छात्राओं की प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं और उन्हें इसका भरपूर उपयोग करना चाहिए।

## ठंड बढ़ते ही नगर निगम के बड़े-बड़े दावे हुए फेल



**उजाला सचार**

**वाराणसी।** गंगा घाटों पर ना हुई अलाव की व्यवस्था और ना हुई रैन बसेरे की व्यवस्था, वाराणसी में आने वाले सैलानी, श्रद्धालु एवं पर्यटकों के लिए गंगा घाटों पर हो रही काफी दिक्कतें, ठंड की वजह से किसी के साथ अनहोनी होती है तो इसका जिम्मेदार होगा कौन।

## इलाज के दौरान युवक की मौत

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** फुलपुर थाना क्षेत्र के रामपुर (हिबरनपुर) निवासी आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष लवकुश कुमार साहनी के छोटे भाई सोनू कुमार साहनी का मकबूल आलम रोड स्थित शुभम हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत। परिजनो का अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ इलाज के दौरान लापरवाही का आरोप। परिजन अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्यवाही पर अड़े। शुभम हॉस्पिटल के खिलाफ मृतक सोनू साहनी के परिजनों का तहरीर।

## वीडीए ने किया अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी। आज दिनाक 18.12.2024 वार्ड-शिवपुर के अन्तर्गत बीना सिंह पत्नी रविन्द्र प्रताप सिंह, द्वारा रिंग रोड के उत्तर डमरू रास्ते पर दान्दुपुर,गरुड़ लान के बगल में पश्चिम, 30740 वर्गफीट वार्ड-शिवपुर, जिला-वाराणसी में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये बिना लगभग G+3 पर निर्माण कर पीलर खड़े करते हुए सरियों एवं सटरिंग का कार्य किये जाने पर उ०प्र० नगर नियोजन एवं



विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धारा-27, 28 व 28 के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही की गयी थी, निर्माणकर्ता द्वारा वर्तमान में लगभग G+3 में निर्माण कर बेसमेंट पर पीलर खड़े करने पर उक्त अनाधिकृत निर्माण को सील कर थाना -शिवपुर की सतत निगरानी हेतु सौप दिया गया।

## भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा काशी क्षेत्र के कार्यकताओं ने राहुल गांधी का पुतला फुका

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा काशी क्षेत्र के कार्यकताओं द्वारा राहुल गांधी का प्रतीक पुतला फुका गया। आज संसद भवन में राहुल गांधी द्वारा संसद में किए गए कथित अमर्यादित व्यवहार के विरोध में आयोजित किया गया। यह आरोप लगाया गया कि उन्होंने संसद भवन में भाजपा सांसद माननीय प्रताप सिंह सारंगी को धक्का देकर उनके सिर को चोटिल किया, जिससे न केवल संसद की गरिमा को ठेस पहुंची, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के मंदिर माने जाने वाले संसद भवन का भी अपमान हुआ।

## कृषक उत्पादक संगठन परिसर में जेन काशी हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य महाशिविर का आयोजन

**उजाला संचार**

**रोहनिया।** कृषक उत्पादक संगठन एवं औद्यानिक विपणन सहकारी समिति लिमिटेड ,टिकरी के परिसर में किसानों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में आए किसानों की निःशुल्क जांच की गई और उन्हें मुफ्त में दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।शिविर का उद्घाटन वाराणसी जिले के उप कृषि निदेशक ए.के. सिंह ने किया। कार्यक्रम का प्रबंधन कृषक उत्पादक संगठन के संरक्षक अनिल सिंह द्वारा किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर जेन काशी



अस्पताल एवं कैंसर केयर सेंटर, उपासना नगर, अखरी चौराहा, आवलेशपुर वाराणसी के सहयोग से आयोजित किया गया।जेन काशी अस्पताल की निदेशक डिंपल परमार, निदेशक किशन शाह और विशेषज्ञों की टीम ने शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

## पशु क्रूरता अधिनियम में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 18.12.2024 को थाना सिंधोरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 0129/2024 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधि0 व 11(1)ई पशु क्रूरता अधिनियम में वांछित अभियुक्त सत्या उर्फ विशाल पुत्र प्रकाश नोना, नि0 ग्रा0 खेवसीपुर, थाना जलालपुर, जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## टीबी मुक्त भारत के तहत 10 टीबी मरीजों को राज्यपाल ने पोषण पोटली किया भेंट

**मिर्जापुर।** विकासखंड राजगढ़ अंतर्गत बेचू बीर ग्राम सभा में जनहित में विभिन्न अहम भूमिका निभा रहे होप वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा क्षय विभाग, प्रोबेशन विभाग, समाज कल्याण, नशा मुक्ति, शिक्षा आदि पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल महोदया द्वारा ट्रस्ट के माध्यम से लिए गए 10 टीबी मरीजों को पोषण पोटली भेंट करते हुए कहा कि जिस तरीके से इस ट्रस्ट से जुड़े महिला पुरुष अंतर मन से नशा मुक्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला कल्याण के साथ ही टीबी मरीजों के हित आदि कार्यों पर लोगों को जागरुक करते हुए अपना सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

# "रेल मंत्री राजभाषा शील्ड" से बरेका होगा सम्मानित

### महाप्रबंधक श्री नरेश पाल सिंह ने टीम बरेका को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में अपनी प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट योगदान के लिए बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका), वाराणसी को भारतीय रेल मंत्रालय द्वारा प्रतिष्ठित ₹रेल मंत्री राजभाषा शील्ड₹ से सम्मानित किया जाएगा।

आधार वर्ष 2023 के तहत, बरेका ने राजभाषा हिंदी के प्रयोग




और प्रसार में अनुकरणीय कार्य किए हैं। इसी उपलब्धि के लिए प्रथम पुरस्कार के रूप में ₹रेल मंत्री राजभाषा शील्ड₹ और ?14,000/- का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

इस सम्मान का औपचारिक वितरण समारोह दिनांक 30 दिसंबर 2024 को रेल भवन, नई दिल्ली के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित होगा। यह उपलब्धि बरेका के अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत और हिंदी के प्रति उनके समर्पण को रेखांकित करती है।

बरेका के लिए यह गौरवपूर्ण क्षण न केवल संस्थान की राजभाषा नीति के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है, बल्कि अन्य संस्थानों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। इस सम्मान से हिंदी के प्रयोग को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा और बरेका का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित होगा।

## वाहन चोरी करने वाले 2 नफर अभियुक्त व 1 बाल अपराधी को लंका पुलिस ने किया गिरफ्तार



**उजाला संचार, वाराणसी।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा चोरी जैसे अपराधो की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पुलिस आयुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लंका की टीम द्वारा लौटूवीर मंदिर के पास से 2 नफर अभियुक्त राकेश पाल पुत्र विंध्याचल पाल निवासी लेढूपुर आशापुर थाना सारनाथ वाराणसी उम्र 20 वर्ष व दीपक राय पुत्र देवानंद राय निवासी बेटावर कला थाना जमनिया गाजीपुर उम्र 24 वर्ष व एक नफर बाल अपराधी विराज गुप्ता पुत्र स्व9 रामा गुप्ता निवासी बेटावर कला थाना जमनिया गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया।

# दूसरे सेमीफाइनल मैच में आर.पी.एफ ने कार्मिक विभाग को 23 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं मंडल क्रीड़ा अधिकारी श्री बलेन्द्र पाल के नेतृत्व में मंडल के मिनी स्टेडियम में चल रही अंतर विभागीय टी-20 प्रतियोगिता में आज दिनांक 18 दिसम्बर 2024 को दूसरा सेमीफाइनल मैच आर.पी.एफ और कार्मिक विभाग के बीच खेला गया।

रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 209 रन बनाए । रेलवे सुरक्षा बल की तरफ से बृजेश विश्वकर्मा ने 16 बॉल पर आठ चौके और एक छक्के



की मदद से 41 रन, अवनीश राय ने 49 बाल पर 10 चौके और दो छक्के की मदद से 76 रन, राम बहादुर ने 9 बॉल पर दो चौके और दो चौके की मदद से 20 रन तथा शेषनाथ यादव ने 22 बॉल पर एक चौके और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाए।

## तहसीलों पर पहुंची कंबल की खेप, वितरण के लिए कोहरे का इंतजार

**बलिया।** लगातार बढ़ रही ठंड व गलन को देखते हुए प्रशासनिक तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है लेकिन अभी भी प्रशासन को कोहरे का इंतजार है। इधर, गरीब ठंड से कांप रहे हैं। प्रशासन ने गरीबों को ठंड से बचाव के लिए कंबल की खरीदारी कर ली है। जिले में छह तहसील बलिया सदर, बांसडीह, सिकंदरपुर, बैरिया, रसड़ा व बेल्थरारोड है। जिले में 6 तहसीलों के लिए कंबल के लिए 30 लाख रुपये का बजट शासन ने जारी किया था। जबकि अलाव के लिए 3 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है।

## ठंड में सतर्क रहें जोड़ों में दर्द व गठिया के मरीजः सीएमओ

***जोड़ों में 12 सप्ताह से ज्यादा का दर्द हो सकता है गठिया का शुरूआती लक्षण, ना करें नजरअंदाज**

***सुबह वातावरण में गर्माहट आने के बाद ही निकलें टहलने**

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि सर्दी के मौसम में कुछ स्वास्थ्य समस्याएं अधिक होने लगती हैं। इनमें गठिया यानी अर्थराइटिस प्रमुख है। इसमें भी रूमेटाइड अर्थराइटिस से सर्दियों में ज्यादा परेशानी होती है। ठंड के मौसम में रक्त संचार कम होने से सूजन, दर्द और जकड़न जैसी समस्याएं होने लगती हैं। साथ ही मांसपेशियों में खिंचाव बढ़ जाता है। खासकर जो महिलाएं अक्सर ठंडे पानी में काम करती हैं, उन्हें



गठिया और कमर दर्द की शिकायत होती है। इसलिए सतर्क रहें और अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में तुरंत सम्पर्क करें

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ एनके वर्मा ने बताया कि सर्दियों में गठिया के दर्द में वृद्धि होने लगती है।

## दिव्यांग विद्यार्थियों को मुख्य धारा में जोड़ने का सरकारी प्रयास सराहनीयः सुनील कुमार गुप्त

**घोसी,मऊ।** नगर के मझवारा मोड़ स्थित बीआरसी परिसर में गुरुवार को मेजरमेंट वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत 45 दिव्यांग छात्र छात्राओं को उनकी सुविधानुसार उपकरण ट्राई साईकल, व्हीलचेयर, सीपी चेयर, कैलीपर, रोलेटर, श्रवण तंत्र, छड़ी आदि प्रदान किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री सुनील कुमार गुप्त के दिव्यांग छात्र छात्राओं का माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर श्री गुप्त ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा करते हुये कहाकि दिव्यांग छात्र छात्राओं को मुख्य धारा में जोड़कर समाज में आगे बढ़ाने का काम लगातार किया जा रहा है।

# कार्य में लापरवाही बरतने पर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी सहित पॉच कर्मचारियों का रोका गया वेतन

### राजस्व से जुड़े एक कर्मचारी हुआ निलम्बित तथा पॉच कर्मचारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने सख्त रूप अपनाते हुये कार्य में लापरवाही बरतने तथा दिये गये निदेर्शों का पालन न करने के के आरोप में आज कड़ी कार्यवाही करते हुये मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेश कुमार सोनकर सहित पॉच राजस्व/ कर निरीक्षकों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया है, साथ ही इन पॉचों कर्मचारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि भी दी गयी है, तथा एक नायब मोहर्रिर को निलम्बित किया गया। पूर्व में नगर आयुक्त के द्वारा कर वसूली से सम्बन्धित कई बैठकों में गृहकर वसूली मानक के अनुरूप करने तथा भवनों में क्यू0आर0 कोड लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। भेलूपुर जोन में सबसे पहले मई 2024 में क्यू0आर0 कोड लगाये जाने की कार्यवाही शुरू की गयी थी, जिसकी लगातार समीक्षा की जा रही थी। जिन 06 कर्मचारियों पर कार्यवाही की गयी है, ये सभी कर्मचरी भेलूपुर जोन में तैनत हैं तथा उनके द्वारा गृहकर वसूली मानक के अनुरूप नही की गयी है तथा क्यू0आर0 कोड भी अपने आवंटित क्षेत्रों के भवनों में नही लगाया गया है, जबकि इनके द्वारा शत प्रतिशत क्यू0आर0 कोड लगाये जाने हेतु भ्रामक एवं झूठा प्रमाण पत्र दिया गया था। दिनांक-16.12.2024 को नगर आयुक्त के द्वारा की गयी समीक्षा बैठक में यह जानकारी प्राप्त हुई। जिन कर्मचारियों पर कार्यवाही की गयी है, उनके आलोक रंजन उपाध्याय, कर निरीक्षक श्रेणी दो को निलम्बित किया गया है।

## 51000 पार्थिव शिवलिंगों के पूजन व भंडारा सहित शिवपुराण कथा का हुआ विश्राम

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** स्थानीय तहसील अंतर्गत सद्धोपुर गांव में चल रही शिवमहापुराण कथा में गुरुवार को 51000 पार्थिव शिवलिंगों का पूजन कर कुल सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक व अर्चन पूर्ण किया गया। पूणार्हुति के उपरांत भव्य भंडारे का साथ कथा को विश्राम दे दिया गया। सायंकाल उपस्थित शिवभक्तों ने भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने। विश्राम दिवस की कथा में सद्गुरु डॉक्टर बी. तिवारीजी महाराज ने बताया कि भगवान शिव का कण-कण में वास है। अवधूत व अविनाशी महादेव भक्तों की एक पुकार पर सारे दुःखों का हरण कर लेते हैं।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, पांच गंभीर

**पंदह, बलिया।** खेजुरी थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव में रात दो पक्षों में मारपीट हो गई। पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने 22 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव निवासी सुरेश तुरहा और छोटेलाल तुरहा के बीच पुराना विवाद है। इसको लेकर एक माह पूर्व भी दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। शिकायत मिलने पर शांतिभंग का मुकदमा भी पंजीकृत किया गया था। मंगलवार की रात रंजिश में एक बार फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। मारपीट में सुरेश तुरहा की तरफ से तीन और छोटेलाल तुरहा पक्ष से दो लोग घायल हो गए।

# सुगम यातायात के लिए रेलवे ने किया आरसीसी बॉक्स के लांचिंग का कार्य

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु वाराणसी मंडल के यूसुफपुर-गाजीपुर सिटी खंड के मध्य ब्रिज संख्या 72 ए, 57 ए, 62 एफ, 64 बी, 66 बी, 71 बी एवं 44 ए के बदलाव हेतु आर.सी.सी. बॉक्स के लॉन्चिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में यातायात एवं पावर ब्लॉक लिये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन निम्नवत किया जायेगा।

**निरस्तीकरण-** गाजीपुर सिटी से 19 दिसम्बर, 2024 को चलने वाली 05479/05480 गाजीपुर सिटी-दिलदार नगर-गाजीपुर सिटी अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

**शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन-**

-दिलदार नगर से 19 दिसम्बर, 2024 को चलने वाली 03645 दिलदार नगर-गाजीपुर सिटी अनारक्षित विशेष गाड़ी गाजीपुर सिटी के स्थान पर तारीघाट में यात्रा समाप्त करेगी।

गाजीपुर सिटी से 19 दिसम्बर, 2024 को चलने वाली 03646 गाजीपुर सिटी-दिलदार नगर अनारक्षित विशेष गाड़ी गाजीपुर सिटी के स्थान पर तारीघाट से चलाई जायेगी।

**मार्ग परिवर्तन-** नई दिल्ली से 18 दिसम्बर, 2024 को चलने वाली 12562 नई दिल्ली-जयनगर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग औंड़िहार-मऊ-बलिया के रास्ते चलाई जा रही है।

लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 18 एवं 26 दिसम्बर, 2024 को चलने वाली 11061 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग औंड़िहार-मऊ-बलिया के रास्ते चलाई जा रही है।

छपरा से 19 एवं 27 दिसम्बर, 2024 को चलने वाली 05135 छपरा-औंड़िहार अनारक्षित विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग फेफना-मऊ-औंड़िहार के रास्ते चलाई जायेगी।

बलिया से 19 एवं 27 दिसम्बर, 2024 को चलने वाली 11072 बलिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग फेफना-मऊ-औंड़िहार के रास्ते चलाई जायेगी।

बरौनी से 19 एवं 27 दिसम्बर, 2024 को चलने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग फेफना-मऊ-औंड़िहार के रास्ते चलाई जायेगी।

बरौनी से 19 दिसम्बर, 2024 को चलने वाली 14523 बरौनी-अम्बाला कैंट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग फेफना-मऊ-औंड़िहार के रास्ते चलाई जायेगी।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कुष्ठ रोगियों किट का किया गया वितरण

**चिरैयाकोट, मऊ।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कैंप लगाया गया जिसमें रानीपुर ब्लाक परिक्षेत्र के दर्जनों मरीजों को रोग से बचाव के उपाय सहित उन्हें फल- दवा किट उपलब्ध कराई गई। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह आयोजित उक्त कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर राहुल सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी- मऊ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने दाग,चकता, सुन्न, निशान,कुष्ठ रोग की है पहचान के नारे से जन-जन को संदेश दिया तथा कुष्ठ रोग है पाप नहीं यह कोई अभिशाप नहीं का नारा देकर लोगों से ऐसे रोगियों के प्रति मानवता भाव से पेश आने की अपील की।

## नगर निगम ने पहले दिन ही काटा नौ बड़े बकायेदारों का पेयजल एवं सीवर कनेक्शन

**कनेक्शन काटने के पूर्व ही चार भवन स्वामियों के द्वारा रु0 4.27 लाख जमा किया जलकर व सीवरकर**

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के निर्देश पर महाप्रन्धक जलाकल अनूप सिंह के द्वारा बड़े जलकर व सीवरकर के बकायेदारों के विरूद्ध आज से कार्यवाही शुरू कर दी गयी है। पहले दिन ही नौ बड़े बकायेदारों का पानी का कनेक्शन एवं उनके भवन का सीवर कनेक्शन बन्द कर दिया गया। जलकल विभाग के द्वारा प्रथम चरण में 102 बड़े बकायेदारों को चिन्हित किया गया है, जिनके उपर रु0 2.5 करोड़ का जलकर एवं सीवरकर बकाया है। चार भवन स्वामियों के द्वारा कनेक्शन काटने गयी टीम को तत्काल रु0 4.27 लाख का भुगतान कर दिया गया। कार्यवही की जद में ए0 29/108 आदमपुर वार्ड, ए0 36/335-सी आदमपुर वार्ड, एस0 21/10, एस0 21/50, जे0 13/93-एम0टी0, बी0 22/20 खेजवा, बी0 22/25 खेजवा, के भवनों का कनेक्शन काटा गया है। महाप्रबन्धक जलकल के द्वारा बताया गया कि बड़े बकायेदारों की दूसरी सूची भी तैयार की जा रही है, जिनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

# दानव नहीं नशेबाज

सुप्रीम कोर्ट ने नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में संवेदनशील व्यवहार व मानवीय दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। इस मुहिम से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए अदालत ने दोटूक शब्दों में कहा कि नशे की लत के शिकारों का दानवीकरण करने के बजाय उनके उपचार व पुनर्वास को प्राथमिकता बनाया जाए। यह हकीकत है कि हाल ही के वर्षों में विभिन्न घातक नशीले पदार्थों का प्रयोग तेजी से बढ़ा है, लेकिन ऐसे लोगों के प्रति समाज में दुराग्रहपूर्ण नकारात्मकता होती है। समाज को ऐसे लोगों की पहचान संवेदनशील ढंग से करके, उन्हें इस लत से बचाने के लिये मनोवैज्ञानिक प्रयास करने चाहिए। निस्संदेह, कठोर व्यवहार करने से यह समस्या और जटिल हो जाती है। चिंता की बात यह है कि देश के तमाम इलाकों में नशे की दलदल के विस्तार की खबरें आ रही हैं। लेकिन उस अनुपात में सरकारों की तरफ से इस चुनौती के मुकाबले युद्धस्तर पर पहल होती नजर नहीं आ रही है। वहीं समाज की उदासीनता भी चिंता बढ़ाने वाली है। निस्संदेह, हमें नशे करने वालों को खतरनाक व्यक्ति के रूप में देखने के बजाय, समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास करना चाहिए। समाज के कठोर व तिरस्कारपूर्ण व्यवहार के चलते नशे के शिकार लोग और गहरी दलदल में उतरते चले जाते हैं। यदि हम इन युवाओं में नशे की दलदल से निकलने इच्छाशक्ति पैदा करें तो नशे के खिलाफ हमारी जंग कामयाब हो सकती है। लेकिन वस्तुस्थिति यह है कि उनके प्रति नकारात्मक धारणा व उपेक्षा से उपजे मनोवैज्ञानिक द्वंद्व से व्यक्ति गहरे नशे की ओर उन्मुख हो जाता है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब हमने वर्ष 2047 तक नशामुक्त भारत बनाने का लक्ष्य रखा है तो उसे पाने के लिये कारगर रणनीति अपनाने की भी जरूरत है। विशेषकर सामाजिक स्तर पर व्यापक व्यावहारिक पहल, जो जमीनी स्तर पर बड़े बदलाव का वाहक बन सके। यह तार्किक है कि सुप्रीम कोर्ट की पीठ को कहना पड़ा कि नशे की लत के शिकार लोगों को अपराधी की तरह देखना गलत है। निश्चित रूप से विभिन्न हितधारकों मसलन केंद्र व राज्य सरकारों, नागरिक समाजों, परिवारों व शैक्षणिक संस्थानों को संकट से निपटने के लिये खुलकर की जाने वाली चचाओं पर ध्यान देना चाहिए। इसके विपरीत यदि हम उन्हें अपराधियों की तरह देखते रहे तो उन्हें हम पतन के गर्त की ओर उन्मुख कर देंगे। हम स्वीकार करें कि देश के युवाओं के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। उन्हें करुणा और संवेदनशीलता की दृष्टि से देखे जाने की जरूरत है ताकि उन्हें अपनी स्थिति पर आत्ममंथन का मौका मिल सके। दरअसल, नशे के शिकार ये लोग इस नशे की नदी की छोटी मछलियां हैं। बड़ी मछलियां तो नशीली दवाओं के व्यापारी और तस्कर हैं।

> **निश्चित रूप से विभिन्न हितधारकों मसलन केंद्र व राज्य सरकारों, नागरिक समाजों, परिवारों व शैक्षणिक संस्थानों को संकट से निपटने के लिये खुलकर की जाने वाली चचाओं पर ध्यान देना चाहिए। इसके विपरीत यदि हम उन्हें अपराधियों की तरह देखते रहे तो उन्हें हम पतन के गर्त की ओर उन्मुख कर देंग**

## राशिफल

### 20 दिसम्बर 2024 शुक्रवार

**मेष:** दिन लाभप्रद है। जो भी योजनाएं आप बनाएंगे, वे शीघ्र आपको शुभ फल देंगे। समय के महत्व को समझकर कर्म करते जाएं। लाभ अपने आप मिलने लगेगा। आर्थिक लाभ तथा प्रवास की संभावना है। आपके कार्य की प्रशंसा हो सकती है। वाद-विवाद टालें। वाहनसुख प्राप्त होगा।

**वृष:** दिन आपका व्यस्तता पूर्वक बीतेगा। अधूरे कार्य पूर्ण होंगे। व्यवसाय हो या नौकरी सभी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होंगे। आपका शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। दिन आनंद और उल्लास में बीतेगा। आपके सभी कार्य योजनानुसार संपन्न होंगे।

**मिथुन:** पूरे दिन असमंजस की स्थिति बनी रहेगी। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। किसी भी नए कार्य के प्रारंभ के लिए दिन उचित नहीं है। मानसिक अशांति और उद्वेग आपके मन पर छाया रहेगा। आकस्मिक धनखर्च हो सकता है।

**कर्क:** स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतें। बिना सोच-विचार के आज कोई कार्य न करें। घर का माहौल सही रहे, इसका ध्यान रखें। परिजनों के साथ मनमुटाव होने की आशंका है। धन का व्यय हो सकता है। आज आपमें आनंद एवं स्फूर्ति का अभाव हो सकता है।

**सिंह:** प्रिय व्यक्ति का साथ मिलेगा, उनकी राय पर ध्यान दें। भावनात्मक संबंध स्थापित होंगे। भाई-बंधुओं के साथ समय आनंदपूर्वक बीतेगा। उनसे लाभ भी होगा। मित्रों और स्वजनों के साथ मुलाकात होगी। कार्य सफलता से मित्र प्रसन्न होंगे।

**कन्या:** शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। अचानक कोई शुभ सूचना से मन प्रसन्न रहेगा। परिजनों के साथ आनंद और सुखपूर्वक समय बीतेगा। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। प्रवास की योजना बन सकती है। वाद-विवाद से बचें, अन्यथा हानि हो सकती है।

**तुला:** मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान से सुख प्राप्त होगा। यात्रा में सफलता के योग बन रहे हैं। आर्थिक विषयों पर व्यवस्थित योजना बना सकेंगे। प्रियपात्रों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा। आभूषण, आमोद-प्रमोद के साधन एवं मनोरंजन के पीछे धन खर्च हो सकता है।

**वृश्चिक:** क्रोध एवं आवेश से बचें। वाणी पर संयम रखें। वाद-विवाद से बचें तभी दिन की शुभता प्राप्त होगी। प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आकस्मिक खर्च हो सकता है। ईष्ट देवता के ध्यान से समस्याओं का निवारण होगा।

**धनु:** प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात यादगार रहेगी। यात्रा मंगलमय रहेगी। आज सभी कार्य पूर्ण होंगे और दिन शुभ रहेगा। गृहस्थ जीवन का संपूर्ण आनंद आप ले सकेंगे। मित्रों के साथ सुंदर स्थल पर प्रवास का आयोजन होगा। आय में वृद्धि के योग हैं।

**मकर:** कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट शुरू करना लाभदायक रहेगा। मौके बार-बार आपके दरवाजे पर दस्तक नहीं देंगे। व्यापार के लिए यात्रा करने से लाभ होगा। उच्च अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में पद-प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा।

**कुम्भ:** कार्य सिद्धि का दिन है। मन और चित्त दोनों से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। मानसिक भार आज हल्का रहेगा। आज प्रत्येक कार्य में सरलता से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में उच्चाधिकारियों की प्रसन्नता के कारण प्रमोशन के योग हैं।

**मीन:** यात्रा करने से परहेज करें, हानि हो सकती है। मानसिक तनाव से बचें, असंतोष छोड़कर आत्म संतोषी बनें। व्यापारी वर्ग को पुरानी उगाही का धन मिल सकता है। स्वास्थ्य के विषय में संभलकर रहें।

# इंडिया गठबंधन की हालत सूत न कपास जुलाहों में लट्ठम लठ जैसी

> **इंडिया गठबंधन में नेतृत्व का मसला पहले भी कई बार उठ चुका है। गठबंधन का हर घटक दल नेतृत्व का दावा जताता रहा है। हास्यादपद यह है कि दावा जताने वाले अपने प्रभाव वाले राज्य में भी भाजपा को हराने में कामयाब नहीं हो सके**

सूत न कपास, जुलाहों में लट्ठम लठ। इंडिया गठबंधन के विपक्षी दलों की हालत कुछ ऐसी हो गई है। भाजपा गठबंधन से मुकाबला करने में विफल रहे विपक्षी दल के नेता नेतृत्व की कलह से जूझ रहे हैं। भाजपा से बुरी तरह शिकस्त खाने और राजनीतिक धरातल पर हैसीयत को स्वीकार किए बगैर विपक्षी नेता गठबंधन के नेतृत्व के जरिए भविष्य का प्रधानमंत्री बनने का सपना पाले हुए हैं। इन दलों का आधार बेशक एक राज्य से ज्यादा नहीं हो, किन्तु देश को नेतृत्व देने की आपसी होड़ में पीछे नहीं है। विपक्षी दलों के पास भाजपा से मुकाबला करने के लिए कोई एजेंडा तक नहीं है। लोकसभा चुनाव और हाल ही हुए उपचुनावों में इंडिया गठबंधन के दल आपस में ही मुकाबला करते रहे। विपक्षी दलों का ख्वाब है कि जिसके हाथ में नेतृत्व की कमान होगी, उसी के हाथ में देश की बागडोर होगी। ठोस रणनीति के अभाव में यह दिन में ख्वाब देखने जैसा है। इंडिया गठबंधन के दलों में आपस में ही नेतृत्व की होड़ मची हुई है। भाजपा के खिलाफ कोरी बयानबाजी से विपक्षी दलों के नेता बयानवीर साबित हो रहे हैं। लोकसभा और उससे पहले विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। विपक्षी दलों ने



चुनाव जीतने के लालच में गठबंधन की धज्जियां उड़ाने में कसर बाकी नहीं रखी। गठबंधन की हालत उसे घोड़ागाड़ी जैसी हो गई जिसके घोड़े को हर घुडसवार अपने हिसाब से हांकना चाहता है। ऐसे में यह गठबंधन देश को नेतृत्व देने के मामले में आगे बढ ? के बजाए पीछे खिसकता जा रहा है। इसी का परिणाम है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को चारों खाने चित्त कर दिया।

इंडिया गठबंधन में नेतृत्व का मसला पहले भी कई बार उठ चुका है। गठबंधन का हर घटक दल नेतृत्व का दावा जताता रहा है। हास्यादपद यह है कि दावा जताने वाले अपने प्रभाव वाले राज्य में भी भाजपा को हराने में कामयाब नहीं हो सके। इस बार नेतृत्व की दुदंभी तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरफ से बजाई गई है। ममता बनर्जी ने हालिया चुनावों और उपचुनावों में इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन पर निराशा जाहिर की और कहा कि वह इसकी कमान संभालने को तैयार है। ममता ने हालिया हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में इंडिया ब्लॉक के खराब प्रदर्शन पर असंतोष जाहिर किया है और संकेत दिया कि अगर मौका मिला तो वह इंडिया ब्लॉक की कमान संभालने के लिए तैयार है। टीएमसी सुप्रीमो ने कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे को चलाने की दोहरी जिम्मेदारी संभाल सकती हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था, अब मोर्चा का नेतृत्व करने वालों पर इसका प्रबंधन करने की जिम्मेदारी है। अगर वे इसे नहीं चला सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं सिर्फ इतना कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलना होगा। ममता के इस बयान के बाद अन्य विपक्षी दलों के नेताओं की अतृप्त इच्छा में उबाल आ गया। गठबंधन के दल के नेता अब नेतृत्व का दावा ठोक रहे हैं। कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि ममता बनर्जी को ऐसा लगता है पर हमें ऐसा नहीं लगता। इस पर चर्चा करेंगे। उनके कहने से उनकी पार्टी चलती है। हम तो कांग्रेस के कहने से चलते हैं, वहीं कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि ममता जी बड़ी नेता हैं लेकिन राहुल गांधी के अलावा देश में कोई नेतृत्व करने की स्थिति में नहीं है।

लेफ्ट नेता डी राजा ने कहा कि कांग्रेस को आत्मचिंतन करने की जरूरत है। हालात इंडिया ब्लॉक की मीटिंग की मांग करते हैं। कांग्रेस ने हरियाणा और महाराष्ट्र चुनावों में गठबंधन सहयोगियों को समायोजित नहीं किया। अगर कांग्रेस ने इंडिया ब्लॉक सहयोगियों की बात सुनी होती तो लोकसभा और हरियाणा-महाराष्ट्र में नतीजे अलग होते। शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने कहा कि हमें ममता बनर्जी की राय पता है। हम चाहते हैं कि ममता हमारे साथ रहें। हम सभी एक साथ हैं। अगर कोई मतभेद भी हैं तो वो छोटे मोटे हैं। हम कोलकाता जाकर ममता बनर्जी से बात करेंगे।

# आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ा संविधान पर चर्चा का सत्र

जहां विपक्ष ने आरक्षण विरोधी आरोपों को दोहराते हुए कहा कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और जब-तब दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है।

सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा संजीदा बहस की जगह हंगामे का केंद्र बनती जा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है। जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस की जगह शोर शराबा, हंगामा और सदन का स्थगित होना ही आम होता जा रहा है। यही बात लोकसभा में संविधान को लेकर हुई दो दिनों की बहस की चर्चा के दौरान देखने को मिली। संविधान निर्माण के 75वें वर्ष पर हुई यह चर्चा भी छिछालेदार, आरोप-प्रत्यारोप एवं उच्छृंखलता का माध्यम बनी, जबकि संविधान पर इस चर्चा से जनता को एवं देश को सही दिशा मिलनी चाहिए थी, संविधान के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी जानी चाहिए थी। संविधान जैसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक बहस न होना लोकतंत्र को कमजोर करने एवं लोकतंत्र रूपी उजालों पर कालिख पोतना ही है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम कर-के आकाश पर पैबंद लगाने एवं सछिद्र नाव पर सवार होकर संविधान रूपी सागर की यात्रा करने का ही संकेत देकर देश की जनता को निराश ही किया है।

भले ही अपने तर्कों एवं तथ्यों से पक्ष एवं विपक्ष ने अतीत के प्रसंगों और विषयों को अधिक रेखांकित किया गया हो। निश्चित ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग-अलग नजरियों को स्पष्ट करने वाली यह बहस न केवल समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर बल्कि लोकतंत्र, समाज और इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करने वाली रही, लेकिन इस बहस में आरक्षण, सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी को शामिल करना विपक्ष की बुद्धि का दिवालियापन ही कहा जा सकता है। इनमें से अनेक प्रसंग और विषय ऐसे थे, जिन पर पहले भी किसी न किसी बहाने संसद के भीतर या बाहर चर्चा होती रही है। यह पहले से दिख रहा था कि विपक्ष संविधान पर चर्चा के बहाने यह बताने की कोशिश करेगा कि संविधान खतरे में है। लेकिन यह समझाने के लिए विपक्षी नेताओं के पास कोई मजबूत तर्क नहीं थे, वे यह स्पष्ट करने में विफल रहे कि आखिर संविधान को खतरा कैसे है? कांग्रेस संविधान पर चर्चा करते समय यह भी भूल गई कि वह यदि मोदी सरकार के एक दशक के कार्यकाल की गलतियां गिनायेगी तो उसे भी अपने चार दशकों के कार्यकाल की गलतियों हिसाब देना होगा। संविधान पर चर्चा के दौरान जैसे विपक्ष ने सत्तापक्ष पर आरोपों की झड़ी लगाई वैसे ही सत्तापक्ष ने भी विपक्ष पर आरोपों की बौछार की। लेकिन यह सब करते हुए पक्ष एवं विपक्ष ने संविधान की विशेषताओं को उजागर करने की सकारात्मकता की बजाय विध्वंसात्मक नीति का ही सहारा लिया।

जहां विपक्ष ने आरक्षण विरोधी आरोपों को दोहराते हुए कहा कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और जब-तब दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है।



जवाब में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि आरक्षण की जो व्यवस्था अभी लागू है, उनकी सरकार उस पर आंच नहीं आने देगी, लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोई भी कोशिश वह सफल नहीं होने देगी। जाहिर है, इसमें मतदाताओं को अपनी पाली में करने की दोनों पक्षों की कोशिश भी देखी और पहचानी जा सकती है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम ईर्ष्या और मात्सर्य की भावना से किया, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास को ही बल दे रहा था। लगता है कि विपक्षी नेता यह समझने को तैयार नहीं कि लोकसभा चुनाव के समय उन्होंने संविधान के खतरे में होने का जो हौवा खड़ा किया था, वह अब असरकारी नहीं रह गया है। विपक्ष के रवैये से यही लगा कि उसे यह बुनियादी बात समझने में मुश्किल हो रही है कि जाति जनगणना कराने-न कराने से संविधान की सेहत पर क्या असर पड़ने वाला है? कांग्रेस के लिये यदि जाति जनगणना इतनी ही आवश्यक है तो नेहरू, इंदिरा, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के कार्यकाल में क्यों नहीं कराई गई? अच्छा होता कि कांग्रेस नेता पहले इस प्रश्न का जवाब देते और फिर जाति जनगणना की आवश्यकता रेखांकित करते। लेकिन विपक्ष एवं विशेषकर कांग्रेस ऐसे मुद्दों को उछालकर खुद ही निरुत्तर होती रही है। पूरी बहस में महापुरुषों को घसीटने का बिंदु ऐसा था जो न केवल बहस का जायका बिगाड़ने वाला कहा जा सकता है बल्कि यह निरुद्देश्यता एवं स्तरहीनता को ही दशार्ने वाला कहा जा सकता है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को यह भी बताना चाहिए कि संविधान पर बहस करते समय सावरकर का नाम लेना और मनुस्मृति दिखाना क्यों आवश्यक हो गया था? कांग्रेस को यह समझ आ जाए तो बेहतर कि सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी का उल्लेख करते रहने से उसे कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष की तू-तू मैं-मैं चलती रहती है, लेकिन इसमें महापुरुषों को घसीटना अब बंद होना चाहिए। हमारे हर महापुरुष ने अपने समय, समाज और समझ की सीमाओं में रहते हुए कुछ ऐसा योगदान किया, जिसके लिए हम कृतज्ञ महसूस करते हैं। इसका मतलब उनके हर विचार से सहमति रखना या उनके हर कृत्य को समर्थन देना नहीं है। लेकिन उनके प्रति समाज की या उसके एक हिस्से की भी भावनाओं का सम्मान हमारी राजनीति का हिस्सा होना चाहिए। सत्ता पक्ष ने इमरजेंसी का पुराना आरोप भी उछला, लेकिन नई बात यह रही कि इस पर बचाव की मुद्रा अपनाने के बजाय कांग्रेस इस तर्क के साथ सामने आई है कि भाजपा को भी अपनी गलतियों के लिए माफी मांगनी चाहिए। लेकिन यहां इमरजेंसी जैसी कोई भाजपा की गलती बताने में कांग्रेस नाकाम ही रही। एक और बड़ी विडम्बना यह देखने को मिली कि संविधान निर्माण को किसी दल विशेष की देन कहा गया जबकि संविधान निर्माण में सभी दलों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर विशेषतौर पर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि पिछले कुछ वर्षों से देश में ऐसा माहौल बनाया गया है कि संविधान एक पार्टी की विशेष देन है।

# अपनों के निशाने पर आने के बाद क्या अब नीतियों में बदलाव लाएगी कांग्रेस?

संविधान पर संसद में विशेष बहस पर अपने नेताओं प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी के भाषणों को लेकर जिस वक्त कांग्रेस गद्गद् हो रही थी, उसी वक्त उस पर कश्मीर की वादियों से सियासी गर्मी का जबर्दस्त झोंका आया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस को सीधे-सीधे सलाह दे डाली कि ईवीएम का रोना छोड़ो और अपनी हार को स्वीकार कर लो। दिलचस्प यह है कि लोकसभा के अपने पहले भाषण में संविधान पर चर्चा के दौरान प्रियंका वाड्रा ने कहा था कि ईवीएम हटा दो, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। प्रियंका के इस बयान के ठीक बाद सामने आए उमर अब्दुल्ला के ये शब्द महज बयान नहीं है, बल्कि इसके कई राजनीतिक अर्थ हैं।

उमर के इस बयान को ममता बनर्जी और रामगोपाल यादव की अभिव्यक्ति की अगली कड़ी के रूप में रखा जा सकता है। यहां एक बार फिर दोहरा देना उचित ही होगा कि इंडिया गठबंधन के अघोषित अगुआ को रूप में राहुल गांधी को नकार चुकी हैं और समाजवादी पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव कांग्रेस की अगुआई को ही नकार चुके हैं। उमर अब्दुल्ला ने अपने बयान के जरिए एक तरह से साफ कर दिया है कि कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व में उनका भरोसा नहीं है। आज की राजनीति जिस बिंदु पर पहुंच चुकी है, उसमें अगुआ की हर गलत-सही बात का समर्थन करना ही अनुयायियों की पहली शर्त बन गई है। तार्किक आधार पर समर्थन और विरोध की सोच को हमारे समाज ने सिरे से नकार दिया है। यह नकार राजनीति में सबसे ज्यादा नजर आता है। अगुआ की बात को अनुयायी ने स्वीकार नहीं किया तो उसे सीधे-सीधे नाफरमानी या अनुशासनहीनता माना जाता है। दलीय व्यवस्था में ऐसे नकार की सजा निष्कासन और निलंबन तय है। चूंकि इंडिया गठबंधन औपचारिक कोई दल नहीं, बल्कि दलों का समूह है, लिहाजा यहां वैसी अनुशासनिक व्यवस्था नहीं है। इसके बावजूद मोटे तौर पर गठबंधनों के बीच एक समझ रही है कि गठबंधन और उसके अगुआ की सेहत पर असर ना पड़े, ऐसी बयानबाजी से दूर रहा जाए। लेकिन ममता बनर्जी, रामगोपाल यादव और उमर अब्दुल्ला के बयान के संदेश साफ हैं। संदेश यह है कि कांग्रेस की अगुआई में उन्हें नरेंद्र मोदी को चुनौती दे पाने की ताकत राहुल गांधी में नहीं दिखती। इन बयानों का एक संदेश यह भी है कि राहुल गांधी की अगुआई में इन दलों का कम से कम राष्ट्रीय स्तर पर कोई भविष्य नहीं है। लेकिन उमर अब्दुल्ला इससे आगे का भी संकेत दे रहे हैं। ईवीएम के बहाने वे कांग्रेस को यह भी संदेश दे रहे हैं कि ह्यमीठा-मीठा गप और कड़वा-कड़वा थूह्व की वैचारिक सोच वाली राजनीति लंबे समय तक नहीं चल सकती। यह कैसे हो सकता है कि जिस ईवीएम के सहारे आप अमेठी और वायनाड जीतने के बाद आप जश्न में डूब सकते हैं, जिसके सहारे 55 से 99 सीटों पर पहुंच जाते हैं तो इसे अपनी भारी जीत बताते हैं, जिस ईवीएम के ही सहारे जब आप कर्नाटक, हिमाचल और झारखंड और यहां तक कि कश्मीर जीत जाते हैं तो इसे नरेंद्र मोदी की हार बताने लगते हैं, लेकिन अगर चुनावी रणनीति में मात खाने के बाद सत्ता की दौड़ में पीछे रह जाते हैं तो ईवीएम को दोषी ठहराने लगते हैं। यह दोहरापन नहीं चलने वाला। इसे जनता भी समझने लगी है।

> **अगर ईवीएम पर इतना ही संदेह है तो संदेह करने वाले दलों को चाहिए कि वे ईवीएम के जरिए होने वाले चुनावों का बहिष्कार करें। इसके बाद अगर चुनाव होगा तो निश्चित है कि इस चुनाव की पवित्रता सवालों के घेरे में आ जाएगी**

अगर ईवीएम पर इतना ही संदेह है तो संदेह करने वाले दलों को चाहिए कि वे ईवीएम के जरिए होने वाले चुनावों का बहिष्कार करें। इसके बाद अगर चुनाव होगा तो निश्चित है कि इस चुनाव की पवित्रता सवालों के घेरे में आ जाएगी। अगर ईवीएम पर संदेह करने वाले दल चुनाव प्रक्रिया से बाहर हो जाएं तो विपक्ष विहीन चुनाव को जनता भी स्वीकार नहीं कर पाएगी और उस चुनाव को सहज लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अंग नहीं माना जा सकेगा।

ऐसे में सरकार और चुनाव आयोग दबाव में आ सकते हैं। लेकिन ऐसा करने के लिए ईवीएम पर संदेह करने वाले दलों में साहस होना चाहिए। दुर्भाग्य से ऐसा साहस कोई दल दिखाता नजर नहीं आ रहा। इसकी वजह यह है कि कोई भी दल संसदीय राजनीति के उस रसूख को छोड़ने का साहस नहीं रखता, जो उसे सांसद या विधायक बनने के बाद हासिल होता है। इन दलों और उनके नेताओं को पता है कि संसद और विधानमंडल से बाहर रहने के बाद उनकी बातें गौर से सुनीं नहीं जातीं और उनके शब्दों को तवज्जो भी नहीं मिलता। इसलिए वे ईवीएम पर सवाल भी उठा रहे हैं और उसी ईवीएम के जरिए संसदीय कुर्सियों पर भी काबिज रहना चाहते हैं। यह भी एक तरह से चारित्रिक दोहरापन ही है और उमर अब्दुल्ला का यह बयान उस दोहरापन से खुद को अलग करने की कोशिश भी हो सकता है। वैसे कांग्रेस के लोगों से ऑफ द रिकॉर्ड बात कीजिए तो वे भी मानते हैं कि चाहे ईवीएम का मुद्दा हो या किसानों का आंदोलन, उनके लिए सिर्फ कवरअप के मुद्दे हैं। कवरअप यानी बचाव का मुद्दा। पार्टी के अंदरूनी सूत्र भी मानते हैं कि जिन कृषि कानूनों के विरोध में कांग्रेस राजनीति कर रही है, उन्हें उसकी ही सरकार ने तैयार किया था।

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक
उजाला संचार

## बीकानेर फील्ड फायरिंग रेंज में बड़ा हादसा

### अभ्यास के दौरान फटा तोप का गोला; दो सैनिकों की मौत

बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां तोप अभ्यास के दौरान बम फटने से दो सैनिकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के मुताबिक यह हादसा महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के नॉर्थ कैंप में चार्ली सेंटर पर हुआ है। घायल सैनिक को सूरतगढ़ के मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं एक गंभीर रूप से घायल है।

जानकारी के मुताबिक यह हादसा महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के नॉर्थ कैंप में चार्ली सेंटर पर हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही आला अधिकारी मौके पर पहुंचे।

जवानों की मौत की पुष्टि सेना के प्रवक्ता ने दो जवानों की मौत और एक के घायल होने की पुष्टि की है। सर्किल ऑफिसर नरेंद्र कुमार पूनिया ने कहा कि 'तीन सैनिक तोप के साथ अभ्यास कर रहे थे।

हादसे में आशुतोष कुमार और जितेंद्र की मौत हो गई है। घायल सैनिक को हेलीकॉप्टर की मदद से चंडीगढ़ ले जाया गया है।'

## मेलाधिकारी ने महाकुंभ की सुस्त बसावट पर शासन को भेजी चिंताजनक रिपोर्ट, पांच एक्सईएन को चेतावनी

**प्रयागराज।** महाकुंभ के प्रथम स्नान पर्व में महज 25 दिन शेष हैं और अभी तक पांटून पुल बन सके और न ही सड़कें। लगातार निदेर्शों के बावजूद काम में रफ्तार नहीं आने के बाद मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने पीडब्ल्यूडी के पांच अधिशासी अभियंताओं के खिलाफ शासन को रिपोर्ट भेजी है। इन्हें 20 दिसंबर तक काम पूरा करने या फिर कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा है। मेलाधिकारी ने प्रमुख नगर विकास अमृत अभिजात और प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान



को भी इसकी जानकारी दी है। कहा है कि पांटून पुलों और चकर्ड प्लेट सड़कों का निर्माण अत्यंत धीमा होने से साधु-संतों में रोष व्याप्त हो रहा है। इससे मेला प्राधिकरण की छवि धूमिल हो रही है। पीडब्ल्यूडी के निर्माण खंड तीन, चार, पांच, छह और प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंताओं को लिखी चिट्ठी में मेलाधिकारी ने कहा है कि पीडब्ल्यूडी का काम अत्यंत धीमा होने से मेले की बसावट प्रभावित हो रही है। इससे प्रयागराज मेला प्राधिकरण की छवि धूमिल हो रही है।

यह अत्यंत खेदजनक है कि मेले के महत्वपूर्ण मार्ग यानी संगम लोवर, हर्षवर्धन, मुक्ति मार्ग, अन्नपूर्णा मार्ग, शंकराचार्य मार्ग और तुलसी मार्ग पर काम अत्यंत कम हुआ है।

## सरकार बदलने दो, सबका हिसाब होगा



**संभल।** संभल में सपा सांसद के पिता ने बिजली विभाग के अधिकारियों को दी धमकी, सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के आवास पर भारी पुलिस बल के साथ बिजली विभाग की टीम चेकिंग के लिए पहुंची। बिजली उपकरणों की जांच के दौरान अधिकारियों को सांसद के पिता ने धमकी दी।

## हाईकोर्ट ने की सद्दाम की जमानत मंजूर

उजाला संचार

इलाहाबाद। हाईकोर्ट ने अतीक अहमद के भाई और पूर्व विधायक अशरफ के साले अब्दुल समद उर्फ सद्दाम की जमानत मंजूर कर ली है। सद्दाम एक वर्ष से ज्यादा समय से अशरफ को बरेली जेल में गैरकानूनी तरीके से मदद पहुंचाने के आरोप में जेल में बंद था उसने इलाहाबाद हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की था उसकी याचिका पर जस्टिस राजवीर सिंह ने यह आदेश दिया है।

## बदायूं में सूर्यकुंड के लिए बौद्ध भिक्षु और ग्रामीण आमने-सामने, अखिलेश यादव ने भाजपा को घेरा

**बदायूं।** बदायूं में सूर्यकुंड मुद्दे को लेकर माहौल गमार्ता जा रहा है। आठ दिसंबर से धरने पर बैठे बौद्ध भिक्षुओं के खिलाफ बुधवार को मझिया गांव के ग्रामीण भी कलक्ट्रेट स्थित आंबेडकर पार्क और मझिया गांव में धरने पर बैठ गए। इससे अधिकारियों में खलबली मच गई। एडीएम प्रशासन ने ग्रामीणों का धरना खत्म कराया, लेकिन मालवीय आवास में बौद्ध भिक्षुओं का धरना जारी है। सात दिसंबर को हिंदू संगठन के नेता सूर्यकुंड पहुंचे और वहां पर रहने वाले बौद्ध भिक्षुओं पर शिवलिंग और नंदी को मिट्टी में दबाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने वहां रह रहे बौद्ध भिक्षुओं को बाहर निकाल दिया। फिर मिट्टी में दबे शिवलिंग और नंदी को बाहर निकालकर स्थापित कराया। साथ ही बौद्ध भिक्षुओं के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए पांच-पांच लाख के निजी मुचलके से पाबंद किया। इसके बाद से मामला तूल पकड़ गया। अगले दिन बौद्ध भिक्षुओं ने मालवीय आवास में धरना शुरू कर दिया। सोमवार को भी धरनास्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई थी। लगातार बौद्ध भिक्षुओं का धरना जारी है। उधर, बुधवार को कलक्ट्रेट परिसर में आंबेडकर पार्क में मझिया गांव के लोगों ने धरना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि यह सूर्यकुंड मंदिर है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली में ट्रक ने मारी टक्कर, हादसे में दो किसानों की मौत, दो हुए घायल

**हाथरस।** मैनपुरी से अलीगढ़ धान बेचने जा रहे दो किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे से दोनों किसानों की मौत हो गई। दो अन्य घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैनपुरी में नगला देवी ओरछा निवासी 43 वर्षीय किसान अर्जुन सिंह पुत्र हरवंशी व 52 वर्षीय अरुण पुत्र नरवीर सिंह ट्रैक्टर-ट्रॉली में धान लेकर अलीगढ़ बेचने जा रहा था। रात्रि लगभग 11:00 बजे कासगंज रोड पर बाईपास के सरदाला पुल पर किसानों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर दी। दोनों किसान अपने गांव के ही एक साथी से बात करने लगे।

## भावुक सतीश महाना बोले- 403 में से कोई एक भी सदस्य अविश्वास जताएगा तो पद छोड़ दूंगा, सदन नियम से चलेगा

**लखनऊ।** विधानसभा में उस समय सन्नाटा पसर गया, जब विधानसभा अध्यक्ष ने घोषणा कर दी कि जिस दिन 403 में से एक भी विधायक मेरे प्रति विश्वास जताएगा तो मैं उसी दिन पद छोड़ दूंगा। महाना ने कहा कि जब तक मैं इस पीठ पर बैठा हूं, तब तक सदन नियम से चलेगा। कोई सदस्य इसके विपरीत आचरण करेगा तो मैं उसके खिलाफ कार्रवाई जरूर करुंगा। उन्होंने कहा कि मैं जिस जाति से आता हूं, उस जाति का कोई वोट बैंक नहीं है। मैं सभी जातियों के समर्थन से ही चुनाव में जाता हूं और सभी विधायकों की सर्वसम्मति से ही



मुझे पीठ पर बिठाया गया है, इसलिए नियम से सदन का संचालन मेरी जिम्मेदारी है।

दरअसल मंगलवार को एक विधायक ने मीडिया के सामने विधानसभा अध्यक्ष पर सरकार के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया था।

## जमीन केडीए में आने की बात कहकर किसान से 2.51 करोड़ रुपये की ठगी

**कानपुर।** बिठूर क्षेत्र के एक किसान की जमीन केडीए में आने की बात कहकर कथित वकील ने उससे बैंक व कई अन्य दस्तावेज और साइन किए गए चेकों के जरिये नया खाता खुलवाया। उसमें किसान की जमीन के मुआवजे के तौर पर आए 2.51 करोड़ रुपये हजम कर लिए। जानकारी होने पर किसान ने एसीपी कल्याणपुर से शिकायत की है। गंगपुर चकबदा गांव निवासी किसान राम प्रसाद पढ़े-लिखे नहीं है, लेकिन हस्ताक्षर कर लेते हैं। राम प्रसाद के मुताबिक एक कथित वकील पांच लोगों के साथ मिलकर जमीन का काम करता है।

## अजय राय हुए प्रभात पांडे के अंतिम संस्कार में हुए शामिल



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय जी प्रभात पांडे के अंतिम संस्कार में हुए शामिल, मृतक युवक कांग्रेस नेता प्रभात पांडे के दुखद निधन पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, नेहरु भवन, में शोक सभा अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को रास्ते में कई जगह पुलिस ने रोकने की कोशिश की।

## बसपा सुप्रीमो मायावती ने दिया बयान, अपना बयान वापस लें गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस को भी घेरा

**लखनऊ।** संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर पर गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर मचे बवाल के बीच बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी बयान जारी किया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अमित शाह से अपना बयान वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के अनुयायी अमित शाह को कभी माफ नहीं करेंगे और भाजपा की कोई भी चाल कामयाब नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भी हमेशा डॉ. आंबेडकर का विरोध किया है। खुद बाबा साहेब ने भी दलितों को कांग्रेस से दूर रहने की सलाह दी थी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने




गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग की

गृहमंत्री के बयान पर विपक्षी दलों के नेता और कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस नेता व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गृहमंत्री पर बाबा साहेब के अपमान का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की है।

## हार्ट अटैक से एसआई की मौत, कुड़वार थाने पर थे तैनात

**सुल्तानपुर।** हार्ट अटैक से एसआई की मौत हो गई। वह जिले के कुड़वार थाने पर तैनात थे। थाना प्रभारी ने बताया कि घरवालों को सूचना दी गई है। यूपी के सुल्तानपुर में बृहस्पतिवार को उपनिरीक्षक मुक्ताबुद्दीन (55) की हार्ट अटैक से निधन हो गया। वह कुड़वार थाने पर तैनात थे। यहां वह जनवरी 2024 में तैनात हुए थे। प्रभारी निरीक्षक चंद्र भान वर्मा ने बताया कि परिवार वालों को सूचना दे दी गई है। प्रयागराज जिले के सोरांव थाना क्षेत्र के कृपालपुर क्षेत्र के रहने वाले थे। दोपहर में तबियत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

## प्रयाग की रक्षा के बाद नागाओं ने महाकुंभ में किया था नगर प्रवेश, स्वागत में उमड़ पड़ा था शहर

**प्रयागराज।** महाकुंभ में अखाड़ों के नगर प्रवेश की परंपरा नागा संन्यासियों के सदियों पुराने पराक्रम की गौरव गाथा से जुड़ी है। दशनामी नागाओं ने अफगानी आक्रांताओं से प्रयाग की रक्षा की थी। उनके स्वागत में ढोल-नगाड़ों के साथ पूरा शहर उमड़ पड़ा था। उसी शौर्य को यादगार बनाने के लिए अखाड़े नगर प्रवेश करते आ रहे हैं।

प्रयागराज पर अफगानी आक्रांताओं से नागाओं के युद्ध से जुड़ी यह घटना 17वीं शताब्दी के बाद की है। इसका उल्लेख श्रीमहंत लालपुरी ने अपनी पुस्तक



""""दशनाम नागा संन्यासी"""" में किया है। यह युद्ध दशनामी परंपरा के नागा योद्धा राजेंद्र गिरि के नेतृत्व में लड़ा गया था।

महंत लालपुरी लिखते हैं कि राजेंद्र गिरि उस समय झांसी से 32 मील दूर मोठ नामक स्थान पर नागाओं को संगठित किया था।

## सभासद चुनाव में भाजपा को मिली जीत, 62 मतों से अमित कुमार हुए विजयी

**जौनपुर।** जौनपुर जिले के नगरपालिका मुंगराबादशाहपुर के वार्ड नं. 4 पकड़ी गोदाम के लिए हुए सभासद चुनाव की मतगणना पूरी हो चुकी है। भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी अमित कुमार ने सपा के अधिकृत प्रत्याशी हरिश्चंद्र को 62 मतों से हराया है। भाजपा प्रत्याशी अमित कुमार को कुल 338 मत मिले, जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी सपा के हरिश्चंद को 276 मत प्राप्त हुए। वहीं निर्दल प्रत्याशी मो. आकिब को मात्र 24 मत मिले। कुल 650 मत पड़े थे। जिसमें 11 मत अवैध थे। निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार अजीत कुमार, सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. अविनाश सिंह की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना हुई।

## पत्नी संग आपत्तिजनक हाल में पकड़ा तो तड़पा- तड़पाकर मारा, पहले शराब पिलाई फिर चाकू से काट डाला

**चंदौली।** चंदौली जिले के बलुआ थाना क्षेत्र के वंशीपुर नहर में 16 दिसंबर को देवराजपुर निवासी युवक मुन्ना के शव मिलने के मामले में एसपी आदित्य लांग्हे ने बृहस्पतिवार को खुलासा किया। बताया कि मुन्ना यादव की हत्या गांव के ही राकेश यादव ने किया है।

उसने पूछताछ में बताया कि मुन्ना को अपने पत्नी के साथ आपत्तिजनक हाल में पकड़ा था। दोनों को भविष्य में ऐसा न करने को लेकर समझाया पर वे नहीं समझे और बार-बार मिलते रहे। जिस पर योजना के तहत मुन्ना को बुलाकर पहले शराब पिलाई फिर चाकू से वार कर हत्या कर दी। गिरफ्तार राकेश यादव ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि मृतक मुन्ना यादव को करीब एक महीने पहले आधी रात को अपनी पत्नी के साथ आपत्तिजनक अवस्था में पकड़ लिया था। उसके बाद अपनी पत्नी व मुन्ना यादव को कई बार समझाया था। साथ ही अपनी पत्नी पर नजर रखना शुरू कर दिया। कुछ दिन ठीक रहा लेकिन, बाद में किसी न किसी बहाने मुन्ना यादव और उसकी पत्नी के बीच संबंध बनाने की जानकारी मिल रही थी। पत्नी व मुन्ना की इस कृत्य से समाज में परिवार की बदनामी हो रही थी। ऐसे में मुन्ना को रास्ते से हटाने की योजना बनाई।

## फर्जी चेक देकर ग्रामीणों की हड़पी करोड़ों की जमीन,हिंद मजदूर किसान पंचायत द्वारा सीएम से कार्यवाही की मांग

**कानपुर।** धोखाधड़ी और जालसाजी के माध्यम से करोड़ों की कीमत वाली जमीनों को हड़पने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। खास बात यह भी कि ऐसे अधिकांश मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की भी अहम भूमिका होती है। ऐसे मामले में वह शिकार हुए पीड़ित व्यक्ति का साथ देने के बजाय पैसे और ऊंची पहुंच से संपन्न उन दबंगों का साथ देते हैं ,जो धोखाधड़ी और जालसाजी से करोड़ों की जमीन हड़पने में सफल रहते हैं। इस तरह के अधिकांश मामलों में वास्तविक भूमि मालिक पीड़ित व्यक्ति अधिकारियों के चक्कर लगाता ही रह जाता है।

## 36 सवारी लेकर जा रही रोडवेज बस पलटी, सात लोग गंभीर रूप से घायल

**सीतापुर।** यूपी के सीतापुर में बृहस्पतिवार को अनुबंधित रोडवेज बस अचानक पलट गई। इसमें 36 लोग सवार थे। सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

हादसा कमलापुर थाना क्षेत्र में सिधौली बिसवां मार्ग पर भारत पेट्रोल पंप के पास हुआ। बस सिधौली से बिसवां की तरफ जा रही थी। घायलों में बिसवां के देउरी निवासी सोनी (15), हरदोई के करनपुर थाना क्षेत्र निवासी प्रीती (19), बिसवां के उलरा निवासी सफीकुन (17),



बाराबंकी के फतेहपुर थाना क्षेत्र के शिशुवा निवासी अखिलेश (21), बिसवां के सिराज (26), साहिबे आलम (19) और उमर (3) शामिल हैं। घायलों को सीएचसी कसमंडा लाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद सब घर चले गए।

## स्कॉर्पियों में गोवंश छिपाकर ले जा रहे थे तस्कर, रोकने पर झोंकी फायरिंग; 3 गिरफ्तार

जौनपुर। जौनपुर जिले की मीरगंज व बरसठी पुलिस ने बीती रात मुठभेड़ में तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। इस दौरान एक पशु तस्कर के पैर में गोली लगी, उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीरगंज पुलिस बंधबा बाजार बरसठी मोड़ तिराहा के पास रात में संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। पुलिस के मुताबिक इसी बीच एक स्कॉर्पियों कुंवर तिराहे की तरफ से तेज गति से बंधवा तिराहे की तरफ आते दिखाई दी। संदिग्ध प्रतीत होने पर टॉर्च की रोशनी से रोकने का इशारा किया गया। लेकिन उक्त स्कॉर्पियों चालक तेज गति से बरसठी की तरफ भागने लगा।

## नेबुआ नौरंगिया सीएचसी में पत्रकारों से किया जा रहा है दुर्व्यवहार

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के कोटवा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों के कारनामे आये दिन सुनने और देखने को मिलता ही रहता है। गुरुवार को इलाज करने आये एक पत्रकार के साथ एक स्वास्थ्यकर्मी ने पुनः दुर्व्यवहार कर दिया। एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार सुरजभान कुमार भारती जो सर्दी, जुकाम और खांसी से पीड़ित है वो अपने सहयोगी पत्रकार के साथ गुरुवार को करीब साढ़े ग्यारह बजे सीएचसी से पर्ची लेकर डॉक्टर से दिखाने कमरा नम्बर 3 में गये, जहाँ पर डॉक्टर अपने चेम्बर में नही मिले।

## सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते समय हादसा, आग की चपेट में आकर झुलसा एनएसयूआई कार्यकर्ता

**लखनऊ।** लखनऊ में कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान एक कार्यकर्ता प्रभात पांडेय की मौत को लेकर बृहस्पतिवार को कांग्रेस कार्यकताओं व नेताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश जाहिर किया। उन्होंने पार्टी कार्यालय के मुख्य द्वार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला जलाया। एनएसयूआई का कार्यकर्ता अक्षत सिंह आग की चपेट में आ गया और झुलस गया।

कांग्रेसियों ने पार्टी मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



किया। शोक सभा में राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डे, पूर्व सांसद एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय -पूर्व मंत्री सहित, सांसद, विधायक एवं नेता कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके पहले पुलिस टीम मामले की जांच के लिए बृहस्पतिवार सुबह कांग्रेस कार्यालय पहुंची। डीसीपी मध्य रवीना त्यागी के मुताबिक कांग्रेस दफ्तर के केयरटेकर के बयान दर्ज किए जाएंगे। सीसीटीवी फुटेज को जब्त किया जाएगा। प्रदर्शन का आह्वान करने वाले और इसमें शामिल लोगों से पूछताछ की जाएगी और सभी के बयान दर्ज किए जाएंगे।

इसके पहले बुधवार देर रात फोरेंसिक टीम कांग्रेस कार्यालय पहुंची। फोरेंसिक टीम ने यहां साक्ष्य संकलित किए।

## दौड़ और कबड्डी में छात्र व छात्राओं ने दिखाया दम

**कुशीनगर ।** स्थानीय ब्लॉक के आरपी सेंट्रल एकडेमी सेखुई खास मे खो खो,कबडी,दौड़ आदि का तीन दिवसीय प्रतियोगिता का प्रथम दिन आयोजन गुरुवार को हुआ। प्रतियोगिता में 200 मीटर दौड़ मे प्रथम विजेता छात्र विपुल पटेल,उप विजेता शितल कुशवाहा रहा।कबड्डी मे प्रथम विजेता रंजना व उपविजेता नेहा रही।खो खो मे राहुल व संजय की टीम रहा।कार्यक्रम के दौरान देश भक्ति गीत लाउडस्पीकर मे बज रहा था जिससे बच्चों का उत्साह वर्धन हो रहा था।प्रबंधक राजेंद्र पाल ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है।

## शराब को लेकर पति से हुआ झगड़ा, फंदे पर लटक गई विवाहिता, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**हाथरस।** हाथरस में सहपऊ के गांव धाधऊ में एक विवाहिता ने पति के शराब पीने से परेशान होकर फंदे पर लटक कर जान दे दी। उसका शव घर के एक कमरे में मिला। मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दे दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धाधऊ गांव निवासी संजीव कुमार पुत्र विजय सिंह की शादी सन् 2008 में गांव मुहम्मदपुर जिला फिरोजाबाद निवासी मोनिका से हुई थी। उनके एक पुत्र और एक पुत्री का जन्म हुआ। मोनिका का पति शराब पीने का आदी था। मृतका रोज उसे शराब पीने के लिए मना करती थी। शराब पीने के कारण ही रोज दोनों के बीच कहा-सुनी होती थी। 18 दिसंबर की शाम को पति शराब पीकर आया। शराब पीने को लेकर रात में पति-पत्नी में कहासुनी हो गई। दोनों खाना खाकर लग-अलग कमरों में सो गए। 19 दिसंबर सुबह जब पति जागा तो उसने देखा कि पत्नी का शव कमरे में फंदे पर लटका हुआ था। पत्नी का शव देखकर उसकी चीख निकल गई। जिसे सुनकर परिवार के अन्य सदस्य भी वहां आ गए। परिजनों ने पुलिस व विवाहिता के मायके पक्ष को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# आर अश्विन को संन्यास लेने के लिए किया गया था मजबूर

**नई दिल्ली।** गाबा टेस्ट मैच के ड्रॉ पर खत्म होने की वजह से जहां भारतीय फैंस खुशी मना रहे थे, तो वहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस में कप्तान रोहित शर्मा के साथ पहुंचे आर अश्विन ने



एक बड़ा एलान किया। अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर फैंस को पल में मायूस कर दिया। अचानक से संन्यास लेने के इस फैसले के बाद लगातार कई सवाल खड़े होने लगे। वहीं, संन्यास लेने के अगले दिन यानी आज अश्विन अपने घर चेन्नई लौट चुके हैं, जहां परिवार ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान न्यूज 18 से बातचीत करते हुए अश्विन के पिता ने सनसनीखेज खुलासा किया। उन्होंने दावा किया कि अश्विन को टीम इंडिया में अपमानित किया गया और इस वजह से उन्हें मजबूरी में संन्यास लेना पड़ा।

दरअसल, आर अश्विन के पिता ने ये बताया कि उन्हें खुद आखिरी मोमेंट में ये पता चला कि अश्विन संन्यास ले रहे हैं। पिता ने आगे कहा कि उनके दिमाग में क्या चल रहा था, मुझे नहीं पता। उसने बस तुरंत फैसला लिया। मैंने भी इसे पूरी खुशी के साथ स्वीकार कर लिया। मुझे इसके लिए कोई भावना नहीं थी। लेकिन जिस तरह से उन्होंने संन्यास की घोषणा की, उससे एक तरफ मैं बहुत खुश था।

# वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए टीम इंडिया को करना होगा बस ये काम

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिसबेन में तीसरा टेस्ट ड्रॉ होने का मतलब है कि यहां से भारत को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बचे अपने दोनों मैच क्वालिफाई करने के लिए जीतने होंगे, अगर वह दूसरे परिणामों पर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। भारत की दो जीत का मतलब है कि उनका जीत का प्रतिशत 60.53 हो जाएगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका से 2-0 से सीरीज जीतने के बाद भी 57.02 प्रतिशत अंक ही ला पाएगा। दूसरी ओर अगर भारत एक टेस्ट जीतता है और एक ड्रॉ करता है तो उनके 57.02 प्रतिशत अंक होंगे और ऑस्ट्रेलिया तभी उनसे आगे निकल सकता है जब वे श्रीलंका को 2-0 से हराए, तब ऑस्ट्रेलिया के 58.77 प्रतिशत अंक हो जाएंगे।

अगर भारत 2-1 से सीरीज जीत जाता है तो ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका को 1-0 से अधिक के अंतर से




हराना होगा या दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान से कम से कम 0-1 से हार जाए। अगर सीरीज 2-2 से ड्रॉ हो. तब भारत 55.26 प्रतिशत पर अंत करेगा और तब ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका से कम से कम 1-0 से हार झेलनी होगी या दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्तान से 2-0 से हारना होगा। अगर सीरीज 1-1 से ड्रॉ पर रहे, तब भारत 53.51 जीत प्रतिशत पर समाप्त करेगा, दक्षिण अफ्रीका को तब दोनों टेस्ट हारने होंगे या ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका से सीरीज 1-0 से हारनी होगी या 0-0 से ड्रा करनी होगी।

श्रीलंका का प्रदर्शन भी रखता है मायने

अगर दोनों सीरीज ड्रॉ होती हैं तो ऑस्ट्रेलिया और भारत के 53.51 प्रतिशत अंक रह जाएंगे, लेकिन भारत इस साइकल में अधिक सीरीज जीतने की वजह से आगे बढ़ जाएगा, लेकिन श्रीलंका 2-0 से जीतता है तो वे भारत से आगे बढ़ जाएंगे। अगर भारत 1-2 से हारता है, तब भारत के 51.75 प्रतिशत जीत अंक होंगे और वह फाइनल की रेस से बाहर हो जाएगा। तब ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका फाइनल में पहुंच जाएंगे, फिर चाहे वे अपने अगले मैच हार जाएं, जहां श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराने के बावजूद केवल 53.85 प्रतिशत जीत अंक पर ही रह पायेगा।

# भारतीय टीम बॉक्सिंग-डे टेस्ट के लिए मेलबर्न रवाना

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत गाबा में खेला गया तीसरा टेस्ट बारिश की भेंट चढ़ गया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों की ये सीरीज अभी भी 1-1 की बराबरी पर है। अब अगला मुकाबला 26 दिसंबर यानी बॉक्सिंग डे टेस्ट में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर होगा। आर अश्विन को भावभीनी विदाई देने के बाद रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम ब्रिस्बेन से मेलबर्न के लिए रवाना हो गई। वहीं, आर अश्विन भी ब्रिसबेन से चेन्नई लौट गए हैं। जहां फैंस ने उनका बेहद गर्मजोशी से स्वागत किया। गाबा टेस्ट के बाद आर अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 18 दिसंबर अश्विन का भारतीय टीम के साथ आखिरी दिन था। संन्यास की घोषणा करने के बाद अश्विन ब्रिसबेन से अपने गृहनगर लौट गए। अश्विन का चेन्नई पहुंचने पर फैंस ने जोरदार स्वागत किया। टीम इंडिया ने 1,00,000



दर्शकों की क्षमता वाले मेलबर्न स्टेडियम खूब भाता है। यह विदेशों में भारत के सबसे सफल मैदानों में से एक है, जिसने भारत की 4 जीत और दो ड्रॉ की मेजबानी की है। चार जीत में से पहली जीत दिसंबर 1977 में मिली थी, जब भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 22 रनों के बड़े अंतर से हराया था।

# हॉकी इंडिया ने राउरकेला और रांची में दर्शकों को मुफ्त प्रवेश देने की घोषणा की

**नयी दिल्ली ।** हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग के राउरकेला और रांची में होने वाले पुरुष और महिला मुकाबलों के लिए दर्शकों को स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश देने की मंगलवार को घोषणा की। आठ टीम वाली पुरुषों की हॉकी इंडिया लीग नए प्रारूप में 28 दिसंबर से राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में खेली जाएगी और एक फरवरी 2025 को संपन्न होगी।



महिलाओं की लीग में चार टीम होंगी और यह 12 से 26 जनवरी तक रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ पर खेली जाएगी।

हॉकी इंडिया ने साथ ही कहा कि लीग की पहुंचाने को बढ़ाने के लिए पुरुष और महिला वर्ग के कुछ चुनिंदा मैच एक-दूसरे के स्थलों पर आयोजित किए जाएंगे। हॉकी इंडिया ने विज्ञप्ति में कहा,ह्यह्यटिकट बिक्री से होने वाली आय को छोड़कर हॉकी इंडिया का लक्ष्य खेल और इसके उत्साही समर्थकों के बीच एक मजबूत संबंध बनाना है जिससे अधिक से अधिक लोगों को मैदान पर हॉकी के रोमांच का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। हॉकी इंडिया लीग की संचालन समिति के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, निःशुल्क टिकट प्रदान करके हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना सभी को मैदान पर सर्वश्रेष्ठ हॉकी का अनुभव करने का अवसर मिले।

# पुलवामा हमले में शहीद जवान के बेटे का हरियाणा टीम में हुआ चयन, सहवाग ने की प्रशंसा



**नई दिल्ली।** कहते हैं कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती...इस कहावत को सिद्ध कर-के एक 15 साल के लड़के ने दिखाया है।

उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर बहुत बड़ा मुकाम हासिल किया है। बता दें कि, 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हुए आतंकी हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे। इनमें विजय सोरेंग भी शामिल थे। अब उनका बेटा राहुल क्रिकेटर बन गया है। उसका चयन हरियाणा की अंडर-16 टीम में हुआ है। वह विजय मर्चेंट ट्रॉफी खेलता नजर आएगा।

हरियाणा की अंडर-16 टीम में राहुल सोरेंग के चयन की जानकारी पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने ही दी। उन्होंने युवा बल्लेबाज के परिश्रम को सराहा और बताया कि वह उनके ही स्कूल के छात्र हैं। इसी स्कूल में उन्होंने क्रिकेट के गुर सीखे।

# खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव को हरी झंडी दिखाई। इस पहल का उद्देश्य साइकिल को परिवहन के एक स्थायी और स्वस्थ साधन के रूप में बढ़ावा देना है। स्टेडियम से रायसीना हिल्स और वापसी तक की तीन किलोमीटर की यात्रा में करीब 500 साइकिल चालक शामिल हुए। इस कार्यक्रम को मांडविया ने रक्षा खडसे, राज्य मंत्री (खेल), सांसद तेजस्वी सूर्या के साथ-साथ पेरिस पैरालंपिक की कांस्य पदक विजेता सिमरन शर्मा, राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू घणघस और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार सहित कई अन्य खिलाड़ियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई।



मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, हमने इस कार्यक्रम को फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार के रूप में लॉन्च किया है लेकिन साइकिल चलाने के शौकीनों की सुविधा के लिए इसे अब रविवार को आयोजित किया जाएगा और इसे संडे ऑन साइकिल कहा जाएगा। खेल मंत्री ने कहा, डॉक्टर, पत्रकार, शिक्षक, कॉर्पोरेट पेशेवर और युवा रविवार को नयी दिल्ली के साथ देश के सभी हिस्सों में एक घंटे की साइकिल यात्रा में शामिल होंगे। साइकिल चलाने से पर्यावरण को बड़ा बढ़ावा मिलता है। यह प्रदूषण का कारगर समाधान है और स्थिरता में भी योगदान देता है।

# थेरी का सीन-दर-सीन रीमेक नहीं है बेबी जॉन: वरुण धवन




वरुण धवन कील्स द्वारा निर्देशित 'बेबी जॉन' के जरिए दर्शकों के बीच तहलका मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ये एक्शन-थ्रिलर क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर, 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। क्योंकि, फिल्म एटली कुमार द्वारा सह-निर्मित है, इसलिए वरुण धवन के प्रशंसकों ने अनुमान लगाना शुरू कर दिया कि अपकमिंग फिल्म एटली की 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'थेरी' का आधिकारिक रीमेक हो सकती है। इस फिल्म में थलापति विजय लीड रोल में नजर आए थे। इन दावों पर अब वरुण धवन ने भी प्रतिक्रिया दी है।

**क्या थेरी का रीमेक है बेबी जॉन?**

बेबी जॉन को थेरी का रीमेक बताने वाले दावों का खंडन करते हुए अब वरुण आगे आए हैं और कहा है कि बेबी जॉन फिल्म का सीन-दर-सीन रीमेक नहीं बल्कि एक 'एडेप्टेशन' है। इंडिया टुडे के साथ एक साक्षात्कार में, वरुण धवन ने कहा कि एटली स्क्रिप्ट के साथ आए थे, जिसमें 'फिल्म की भूगोल' के कारण बहुत कुछ बदलना पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग थेरी के किताब-दर-किताब रीमेक की उम्मीद कर रहे हैं, उन्हें निराशा होगी।

**आगे क्या बोले वरुण धवन?**

वरुण धवन आगे कहते हैं- 'जब एटली यह फिल्म लेकर आए तो इसके पीछे एक कारण था और उन्होंने कहा कि हमें फिल्म का में बहुत कुछ बदलना पड़ा। उन्होंने कहा, ''हमें इसे एक एडाप्टेशन के रूप में उपयोग करना होगा न कि एक रीमेक के रूप में और मुझे लगता है कि हमने यही किया है। जैसा कि आप देख रहे हैं, बहुत सारे फ्रेम और कहानी के बहुत सारे एंगल्स अलग-अलग हैं। इसलिए, अगर कोई बुक बाय बुक रीमेक की उम्मीद कर रहा है, तो वे निराश होंगे क्योंकि फिल्म वह नहीं है। यह एक एडाप्टेशन है। हम उससे भाग नहीं रहे हैं, बल्कि यह एक सच में फिल्म से प्रेरित है।'

**फिल्म के बारे में**

फिल्म में वरुण धवन के अलावा वामिका गब्बी और कीर्ति सुरेश भी अहम भूमिका में हैं। बेबी जॉन मुख्य भूमिका में वरुण की 18वीं फिल्म है और इसका ओरिजनल टाइटल श्ऊ18 था, लेकिन बाद में इसे बदलकर बेबी जॉन कर दिया गया। फिल्म का संगीत थमन एस ने तैयार किया है। फिल्म में वरुण धवन ने सत्या वर्मा का किरदार निभाया है जो एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी है। वह अपनी मौत का नाटक करता है और एक व्यक्तिगत दुखद घटना के बाद अपनी बेटी खुशी की परवरिश के लिए अंडरग्राउंड हो जाता है।

# एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी ने 24 साल बाद भारत लौटने की बताई वजह

**मुंबई ।** 90 के दशक की बॉलीवुड अभिनेत्री ममता कुलकर्णी 24 साल बाद भारत लौट आई हैं। भारत लौटने के बाद ममता कुलकर्णी अपने बयानों की वजहों से सुर्खियां बटोर रही हैं। इस बीच, उन्होंने आईएएनएस से खास बातचीत की और बॉलीवुड, राजनीति और पीएम मोदी समेत कई मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

सवाल : आपने भारत क्यों छोड़ा और 24 साल तक कहां गायब थीं ?

जवाब : मेरे भारत से जाने की वजह अध्यात्म थी। 1996 में अध्यात्म की तरफ झुकाव हुआ और उसी दौरान मेरी मुलाकत गुरु गगन गिरी महाराज से हुई। उनके आने के बाद मेरे मन में अध्यात्म को लेकर रुचि बढ़ी। इसी के बाद मेरी तपस्या शुरू हो गई। हालांकि, मैं मानती हूं कि बॉलीवुड ने मुझे नाम और शोहरत दी। इसके बाद बॉलीवुड का भी साथ छूट गया। साल 2000 से 2012 तक मैं तपस्या करती रही। मैं कई सालों तक दुबई में थी और दो बेडरूम के हॉल में रहती थी और 12 सालों तक ब्रह्मचारी रही।

सवाल : पीएम मोदी के बारे में आप क्या सोचती हैं ?

जवाब : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में देश सुरक्षित है। भारत के लिए ऐसा प्रधानमंत्री मिलना बहुत मुश्किल है। मैं उनके बारे में जितना बोलूं कम है। वह देश से बहुत प्यार करते हैं और इसके लिए कुछ भी कर सकते हैं। उनके हाथ में देश सुरक्षित है। नरेंद्र मोदी ईमानदार प्रधानमंत्री है, उनको खाने की इच्छा नहीं है। उनका काम ही सब कुछ है।

सवाल : मुंबई वापस लौटने पर आपको कैसा लगा ?

जवाब : मैं जब मुंबई पहुंच रही




थी तो बहुत इमोशनल हो गई थी। मेरी आंख से आंसू आ गए थे, क्योंकि जहां से मैंने अपनी शुरूआत की थी और जिस बॉलीवुड से मुझे बहुत कुछ मिला, वह सब कुछ याद आ गया। मैंने मुंबई में बहुत बदलाव देखा है। हालांकि, यहां ट्रैफिक बहुत है और सड़क की स्थिति भी बहुत बेकार है। बीएमसी के बजट के बारे में मैने सुना था कि 25 हजार करोड़ रुपये का होता है, लेकिन मुझे नहीं लगता है कि ऐसा कुछ काम हुआ। यहां सड़क पर बहुत गड्ढे हैं। मुंबई को सुधारना चाहिए, क्योंकि मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है। मुंबई में साफ-सफाई की व्यवस्था भी करनी चाहिए।

सवाल : क्या आपने विक्की गोस्वामी से शादी की ?

जवाब : मेरी विक्की गोस्वामी से मुलाकात साल 1996 में हुई और 1997 में विक्की गोस्वामी ड्रग्स केस में गिरफ्तार किए गए। 12 साल तक जेल में रहे। इस दौरान उन्होंने मुझसे मिलने के लिए भी कहा, इसके बाद मेरी एक बार उनसे मुलाकात हुई। इस दौरान मैंने अपना सारा ध्यान अध्यात्म की तरफ लगा दिया। मैं साल 2012 में कुंभ मेला में स्नान करने आई थी और उसके बाद विक्की भी केन्या चला गया था। मैंने विक्की के साथ शादी नहीं की है। मैं 12 सालों तक ब्रह्मचारी रही और इस दौरान प्याज-लहसुन भी नहीं खाया। हां, यह बात सही है कि में विक्की गोस्वामी के साथ थी और उनके लिए हमेशा प्यार भी रहेगा। हालांकि, अध्यात्म की तरफ ध्यान लगाने के कारण सब कुछ खत्म हो गया। मैंने विक्की गोस्वामी से केन्या में भी मुलाकात की। हालांकि, उसे ड्रग्स केस में अमेरिका लेकर गए। लगभग आठ साल हो गए हैं और अब सब खत्म हो गया है।

सवाल : ड्रग्स मामले में आप पर एफआईआर दर्ज हुई, इस पर क्या कहना है ?

जवाब : मेरे पास किस चीज की कमी थी? पैसे के लिए लोग ऐसा करते हैं। मेरे पास उस समय 10 फिल्मों के ऑफर थे और मेरे पास तीन घर और दो गाड़ियां थीं।

# प्रीति जिंटा ने की इटली सरकार के केमिकल कैस्ट्रेशन कानून की तारीफ

**मुंबई।** फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्री प्रीति जिंटा सामाजिक मुद्दों से भी सरोकार रखती हैं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें वह इटली सरकार के केमिकल कैस्ट्रेशन (रासायनिक बधियाकरण) कानून की तारीफ करती आईं। इसके साथ ही अभिनेत्री ने भारत सरकार से भी देश में बलात्कार करने वालों के लिए ऐसे ही कानून की मांग की। अपने एक्स हैंडल पर ब्रिक्स के एक पोस्ट को शेयर कर कैप्शन में लिखा, इटली बलात्कारियों और अपराधियों के लिए रासायनिक बधियाकरण को वैध बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। क्या आप इससे सहमत हैं? अभिनेत्री ने इटली में पारित कानून की तारीफ करते हुए कैप्शन में लिखा, क्या शानदार कदम है! उम्मीद है कि भारत सरकार भी कभी ऐसा ही करेगी। आप लोग क्या



सोचते हैं? अब समय आ गया है कि ऐसे अपराधों के लिए बिल्कुल भी सहनशीलता न बरती जाए। फिल्म इंडस्ट्री को ह्यदिल चाहता हैह्न, ह्यकल हो ना होह्न, ह्यझूम बराबर झूमह्न, जैसी सफल फिल्में के लिए मशहूर अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने भारत में भी बलात्कार के अपराध के लिए और अधिक कठोर सजा की वकालत की। ब्रिक्स नौ देशों - ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, ईरान, मिस्त्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात का एक संगठन है।

कानून के बारे में पोस्ट से पहले प्रीति ने एक और पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने लिखा था, श्जिस देश में आप रहते हैं उसका समर्थन करें या जिस देश का समर्थन करते हैं, उसमें रहें।

# सुपरस्टार सलमान खान बने पहले खो-खो विश्व कप के ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) ने भारतीय सुपरस्टार सलमान खान को खो-खो विश्व कप के पहले संस्करण को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने की बुधवार को घोषणा की, जो 13 जनवरी से 19 जनवरी, 2025 के बीच नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविर में मीडिया के समक्ष यह घोषणा की गई, जिसमें केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल, महासचिव एमएस त्यागी के साथ-साथ भारतीय पुरुष और महिला खिलाड़ी और कोच भी शामिल हुए। सलमान ने पहले खो-खो विश्व कप के लिए अपनी खुशी व्यक्त की, खेल के साथ अपने इतिहास को याद किया। मेगा स्टार ने राष्ट्रीय




राजधानी में विश्व कप की मेजबानी करने की पहल की प्रशंसा की और कहा कि वह इस खेल को दुनिया भर में फैलते हुए देखकर रोमांचित हैं। सलमान खान ने एक संदेश में कहा, ₹मुझे पहली बार आयोजित होने वाले खो-खो विश्व कप 2025 से जुड़ने पर गर्व है! यह सिर्फ. एक टूनामेंट नहीं है - यह भारत की मिट्टी, भावना और ताकत को श्रद्धांजलि है। हम सभी ने, जिनमें मैं भी शामिल हूं, अपने जीवन में कभी न कभी खो-खो खेला है।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹यह एक ऐसा खेल है जिसमें लगातार एक्शन और निरंतर जोश है, जिसने पहले ही वैश्विक ध्यान आकर्षित कर लिया है। आइए हम सब मिलकर वैश्विक मंच पर खो-खो की आत्मा का जश्न मनाएं।₹

संक्षिप्त समाचार

## पाक सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 11 आतंकवादियों को ढेर किया



पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार ये अभियान 17 और 18 दिसंबर को प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित किए गए। क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद टैंक जिले में पहला अभियान प्रारंभ किया गया जिसमें सात आतंकवादी गए। दूसरा अभियान उत्तरी वजीरिस्तान जिले के दत्ता खेल में प्रारंभ किया गया, जहां दो आतंकवादी मारे गए। मोहमंद जिले में दो और आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया। ह्यसेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीजह्व (सीआरएसएस) की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में पाकिस्तान में आतंकवादी हिंसा में लोगों के मारे जाने और आतंकवाद रोधी अभियानों में बड़ी संख्या में आतंकवादियों के मारे जाने की घटनाएं हुईं। इस अवधि के दौरान दर्ज 328 घटनाओं में कुल 722 लोग मारे गए जिनमें नागरिक, सुरक्षाकर्मी और अपराधी शामिल हैं जबकि 615 अन्य घायल हुए।

## कई साझा मुद्दों पर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रमुख साझेदार रहा है भारत : अमेरिका

अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के दौरान भारत कई साझा मुद्दों पर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका का प्रमुख साझेदार रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने संवाददाताओं से कहा, बाइडन प्रशासन के दौरान भारत अनेक साझा मुद्दों पर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रमुख साझेदार रहा है। भारत-अमेरिका संबंधों पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हम इस प्रशासन के शेष कार्यकाल में भी उनके साथ काम करने के लिए तत्पर हैं।



## टीडीबी सुनिश्चित करे कि अन्नधानम के लिए श्रद्धालुओं से कोई पैसा न लिया जाए: केरल उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली**। केरल उच्च न्यायालय ने त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि मंडला-मकरविलक्कू तीर्थयात्रा के दौरान एदाथवलम (पड़ाव बिंदु) पर अन्नधानम का लाभ उठाने वाले सबरीमाला तीर्थयात्रियों से कोई पैसा नहीं लिया जाए। न्यायमूर्ति अनिल के. नरेन्द्रन और न्यायमूर्ति मुरली कृष्ण एस. की पीठ ने एक श्रद्धालु की शिकायत के बाद यह निर्देश जारी किया। शिकायत में तीर्थयात्रा के दौरान टीडीबी के तहत आने वाले मंदिरों में अन्नधानम का लाभ उठाने वाले तीर्थयात्रियों से दान एकत्र करने का आरोप लगाया गया था। पीठ ने टीडीबी और देवस्वओम आयुक्त को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया कि तीर्थयात्रा के दौरान बोर्ड के प्रबंधन के तहत एदाथवलम और अन्य मंदिरों में सबरीमाला तीर्थयात्रियों को शौचालय, अन्नधानम आदि जैसी उचित सुविधाएं प्रदान की जाएं। अदालत ने कहा, संबंधित मंदिरों में अन्नधानम का लाभ उठाने वाले श्रद्धालुओं या सबरीमाला तीर्थयात्रियों से कोई पैसा नहीं लिया जाएगा।



# अचानक चीन ने किया भारत से जिगरी दोस्ती का ऐलान

### इधर पाकिस्तान पर हो गया तगड़ा एक्शन

भारत और चीन के बीच रिश्तों में एक बार फिर से गर्मजोशी देखने को मिल रही है। एक तरफ जहां भारत के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी की बीजिंग में मुलाकात हो रही है। वहीं दूसरी तरफ भारत में मौजूद चीनी राजदूत ने बड़ा बयान दिया है। ये बयान उनका भारत चीन के रिश्ते को लेकर है। चीनी राजदूत ने कहा है कि चीन भारत के साथ काम करने को तैयार है। उन मुद्दों को पूरी तरह से लागू करने के लिए रजामंद है, जो भारत और चीन के शीर्ष नेतृत्व ने आपस में मिलकर तय किए हैं। उनका कहना है कि हम दोनों देश एक दूसरे के बड़े मुद्दे और जो मुद्दे उनके लिए काफी अहम हैं



उसको पूरी तरह से सम्मान के साथ एक दूसरे के हित को देखते हुए आपसी संवाद को बढ़ाएंगे। आगे चलकर जो तमाम आपस में मतभेद हैं। उसको ठीक करेंगे। उनका कहना है कि हम इन सब मुद्दों पर काम करके दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय बातचीत का जो रास्ता है उसे पूरी तरीके से खोलेंगे। जिसके जरिए एक ज्यादा स्थिर माहौल विकास के लिए बनाया जा सके।

चीन के राजदूत की ये बातचीत भारत चीन के बॉर्डर विवाद को ध्यन में रखकर कही गई है। सोशल मीडिया एक्स पर किए गए इस पोस्ट से समझ में आ रहा है कि चीनी राजदूत ने एक तरह से ये बताने की कोशिश की है कि भारत के साथ जो भी बॉर्डर का विवाद है उसे चीन ठीक करने में भारत के साथ काम करने में दिलचस्पी रखता है। इतना ही नहीं चीनी राजदूत के इस बयान से समझ में आता है कि आने वाले दिनों में जो भी मतभेद हैं उसे बैठकर बातचीत के जरिए निपटारा किया जा सकता है और विकास के लिए एक दूसरे का सहयोग बढ़ाया जा सकता है। हाल ही में विदेश मंत्री ने बताया था कि भारत और चीन के बीच कई मामलों को लेकर डिसइंगेजमेंट हुआ है, जिसमें ईस्टर्न लद्दाख में प्रोसेस भी चल रहा है।

## दिल्ली में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में, न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में रही, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से करीब तीन डिग्री कम पांच डिग्री सेल्सियस रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 रहा। शहर के 38 निगरानी केंद्रों में से 32 में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब, 301 से 400 को बेहद खराब और 401 से 500 को गंभीर माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, जबकि शुक्रवार को बेहद घने कोहरे का पूवार्नुमान जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है।



## अमित शाह पागल हो गए हैं, उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए: लालू यादव

**पटना**। डॉ. बीआर अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर विवाद के बीच, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने गुरुवार को कहा कि अमित शाह पागल हो गए हैं, और उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए और इस्तीफा दे देना चाहिए। लालू यादव ने अमित शाह पर निशाना साधा, जिसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर बहस का जवाब देते हुए कहा कि अंबेडकर का नाम लेना कांग्रेस के लिए ₹फैशन₹ बन गया है।

समाचार एजेंसी एएनआई ने अपनी रिपोर्ट में लालू यादव के हवाले से कहा, ₹अमित शाह पागल हो गए हैं। उन्हें बाबासाहेब अंबेडकर से नफरत होनी चाहिए। हम उनके इस पागलपन की निंदा करते हैं। बाबासाहेब अंबेडकर महान हैं। उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए और चले जाना चाहिए।₹

इससे पहले, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शाह और भाजपा पर ₹संविधान विरोधी₹ होने और नफरत फैलाने का आरोप लगाया था। यादव ने एएनआई से कहा, ₹बाबासाहेब अंबेडकर हमारे फैशन और जुनून हैं। वे हमारी प्रेरणा और प्रेरणा भी हैं। हम किसी को भी बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान नहीं करने देंगे। ये लोग संविधान विरोधी हैं जो नफरत फैलाते हैं और संसद में इस्तेमाल की गई भाषा निंदनीय है।₹ इस बीच, कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने गुरुवार को लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव पेश किया, जिसमें अमित शाह से माफी की मांग की गई।



## अंतरराष्ट्रीय यात्रा परामर्श नरम बनाने के मकसद से विदेश मंत्रालय के साथ काम कर रहे हैं: उमर

**जम्मू**। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि सरकार विभिन्न देशों द्वारा जारी यात्रा परामर्शों को नरम बनाने में मदद के लिए विदेश मंत्रालय के साथ काम कर रही है। इन यात्रा परामर्शों के कारण विदेशी पर्यटकों के लिए जम्मू कश्मीर की यात्रा करना लगभग असंभव हो गया है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित 18वें वार्षिक पर्यटन शिखर सम्मेलन 2024 के एक संवाद सत्र में अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू कश्मीर 30 से 35 वर्षों से जिन परेशानियों से जूझ रहा है उसी के कारण ये अंतरराष्ट्रीय पर्यटन का केंद्र नहीं रहा है।

उन्होंने कहा कि ऐसा केवल इसलिए है क्योंकि मौजूदा यात्रा परामर्शों के कारण पारंपरिक बाजारों से पर्यटकों के लिए कश्मीर आना लगभग असंभव हो गया है। उन्होंने कहा, इन यात्रा परामर्शों के कारण अगर वे कश्मीर में आते हैं तो उनका बीमा रद्द हो जाता है और यह उनके लिए वर्जित है। इस संबंध में हम भारत सरकार, विशेषकर विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि उनके दखल का उपयोग करते हुए कम से कम शुरूआत में इन परामर्शों में नरमी ला सकें। अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग चाहते हैं कि अधिक खर्च क्षमता वाले पर्यटक इस क्षेत्र का दौरा करें।



# सोशल स्ट्रक्चर को ध्वस्त कर देगा, लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर बोले नितिन गडकरी

### कहा-केवल मजे के लिए बच्चे पैदा न करें

**नई दिल्ली**। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि लिव-इन रिलेशनशिप और समलैंगिक विवाह समाज के नियमों के खिलाफ हैं और इससे सामाजिक संरचना ध्वस्त हो जाएगी। एक यूट्यूब साक्षात्कार के दौरान लिव-इन रिलेशनशिप पर उनके विचारों के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने टिप्पणी की कि लिव-इन रिलेशनशिप गलत थे। नितिन गडकरी ने स्वतंत्र पत्रकार समदीश भाटिया के साथ साक्षात्कार में कहा कि मैं लंदन में ब्रिटिश संसद गया जहां मैं प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री से मिला और उन्होंने पूछा कि उनके देश में सबसे बड़ा मुद्दा क्या है। मैंने गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी आदि कहा। जब मैंने उनसे वही सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा कि यूरोपीय देशों में सबसे बड़ा मुद्दा यह था कि बहुसंख्यक युवा आबादी की शादी नहीं हो रही थी।



यह पूछे जाने पर कि इसका किसी देश पर क्या प्रभाव पड़ता है, गडकरी ने कहा कि बच्चे कैसे पैदा होंगे, उनका भविष्य क्या होगा। यदि आप सामाजिक जीवनशैली को खत्म कर देंगे, तो इसका लोगों पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ेगा? भारत को अधिक या कम बच्चों की जरूरत है, इस पर मंत्री ने कहा कि यह सवाल नहीं है। यह माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चे पैदा करें और उनका उचित पालन-पोषण करें। यदि आप किसी दिन कहते हैं कि आपने मनोरंजन के लिए बच्चे पैदा किए हैं और फिर बिना सोचे-समझे देखते रहें।

गडकरी ने कहा कि यह समाज स्थिर क्यों है, महिलाओं और पुरुषों का अनुपात सही है, कल अगर महिलाओं का अनुपात 1500 होगा और पुरुषों का अनुपात 1000 होगा तो हमें पुरुषों को दो पत्नियां रखने की अनुमति देनी होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या आदर्श भारत में तलाक पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने गोवा मुक्ति दिवस पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को गोवा के मुक्ति दिवस पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि राष्ट्र निडर स्वतंत्रता सेनानियों और सशस्त्र बलों को उनके असाधारण साहस के लिए नमन करता है।

वर्ष 1961 में पुर्तगालियों से राज्य को मुक्त कराने के लिए सशस्त्र बलों के ऑपरेशन विजय की सफलता की याद में हर साल 19 दिसंबर को गोवा मुक्ति दिवस मनाया जाता है।

मुर्मू ने एक पोस्ट में कहा, गोवा मुक्ति दिवस पर, राष्ट्र उन वीरों को श्रद्धांजलि देता है जिन्होंने औपनिवेशिक शासन से गोवा की मुक्ति के लिए निस्वार्थ बलिदान दिया। हम निडर स्वतंत्रता सेनानियों और हमारे सशस्त्र बलों को उनके असाधारण साहस व अटूट समर्पण के लिए नमन करते हैं। उन्होंने कहा, मैं गोवा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं और उनके समृद्ध भविष्य की कामना करती हूं।



# पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा रहा भारत की टेंशन

### विदेश मंत्री एस जयशंकर ने की विदेश मंत्री गिदोन सार से बात

गाजा में इजरायल और हमास के बीच संभावित युद्धविराम समझौते के संकेतों के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने इजरायली समकक्ष गिदोन सार से फोन पर बातचीत की। दोनों पक्षों के बीच कई महीनों की बातचीत में गतिरोध के बाद प्रस्तावित युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के समझौते के लिए पिछले कुछ दिनों में राजनयिक व्यस्तताओं की बाढ़ आ गई है। गाजा में कथित तौर पर लगभग 95 बंधक हमास की हिरासत में हैं।

आज इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सा'र से बात करके खुशी हुई। क्षेत्र में चल रहे विकास पर उनकी ब्रीफिंग की सराहना करें। जयशंकर ने एक्स पर कहा कि हमारे द्विपक्षीय संबंधों और उन्हें मजबूत करने के प्रयासों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से मुलाकात के लिए उत्सुक हूं। समझा जाता है कि दोनों विदेश मंत्रियों ने 11 दिन पहले राष्ट्रपति बशर असद के शासन के पतन के बाद सीरिया की स्थिति पर भी चर्चा की। विद्रोही बलों ने कई अन्य प्रमुख शहरों और कस्बों पर कब्जा करने के बाद 8 दिसंबर को असद की सत्तावादी सरकार को उखाड़ फेंका।




## समान नागरिक संहिता लागू करना, बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालना जरूरी : विजयवर्गीय

**नई दिल्ली**। मध्यप्रदेश के मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की जोरदार वकालत की और कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर निकालना जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि ये घुसपैठिए हिंदू नामों का इस्तेमाल कर अपना आधार कार्ड बनवाते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि भाजपा पहले ही उत्तराखंड में यूसीसी ला चुकी है और इसे अन्य सभी राज्यों में लागू करेगी।

यूसीसी पर शाह के बयान के बारे में पूछे जाने पर विजयवर्गीय ने कहा, यह बिल्कुल सही है। बांग्लादेशी घुसपैठिए न केवल सीमावर्ती क्षेत्रों में मौजूद हैं, बल्कि वे अन्य राज्यों में भी घुस आए हैं। भाजपा नेता ने कहा, उन्होंने (घुसपैठियों ने) एक खतरनाक खेल यह भी खेला है कि उन्होंने हिंदू नामों से अपने आधार कार्ड बनवा लिए हैं। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि यूसीसी लागू हो और ऐसे घुसपैठिए, जो मध्यप्रदेश और अन्य क्षेत्रों में हैं, उन्हें बाहर निकाला जाए।



# ललित मोदी ने दी जन्मदिन की बधाई

### माल्या बोले- हम दोनों के साथ भारत में गलत हुआ दोस्त

**नई दिल्ली**। विजय माल्या ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने सबसे प्यारे दोस्त और साथी भगोड़े ललित मोदी की जन्मदिन की शुभकामना का जवाब दिया है। माल्या ने कहा कि उन्होंने और मोदी दोनों के साथ देश में गलत किया गया, जिसके लिए उन्होंने योगदान देने की कोशिश की थी। यह प्रतिक्रिया बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस के पूर्व मालिक विजय माल्या द्वारा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर निशाना साधने के कुछ घंटों बाद आई, उन्होंने दावा किया कि वह राहत के हकदार हैं क्योंकि बैंकों ने पहले ही उनकी एयरलाइन पर बकाया राशि के दोगुने से अधिक की वसूली कर ली है।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संस्थापक और वास्तुकार ललित मोदी को आईपीएल के 2009 सीजन में कथित वित्तीय अनियमितताओं के बाद 2010 में भारत छोड़ने के बाद भगोड़ा वर्गीकृत किया गया था। विजय माल्या की तरह ही पूर्व आईपीएल कमिश्नर भी फिलहाल ब्रिटेन में रह रहे हैं। 18 दिसंबर को, विजय माल्या के 69वें जन्मदिन पर, मोदी ने शराब कारोबारी के लिए एक एक्स पोस्ट साझा किया।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि मेरे दोस्त विजय माल्या, आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ - जीवन में निश्चित रूप से उतार-चढ़ाव आते हैं, हम दोनों ने इसे देखा है। यह भी गुजर जाएगा। आने वाला वर्ष आपका वर्ष हो। और आप प्यार और हँसी से घिरे हुए हैं। बड़ा प्यार। विजय माल्या ने अपने जन्मदिन की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन दोनों के साथ गलत हुआ है। माल्या ने लिखा, धन्यवाद मेरे सबसे प्यारे दोस्त...जिस देश में हमने योगदान देने की कोशिश की, वहां हम दोनों के साथ गलत हुआ।



## कुंभ के दौरान वाराणसी में प्रतिबंधित प्लास्टिक होगा पूर्ण निषेध, पकड़े जाने पर होगी कड़ी कार्यवाही

उजाला संचार

**वाराणसी।** प्रयागराज महाकुंभ एवं आगामी पर्व त्योहारों के दौरान एकल प्रयोग वाले प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रयोग को हतोत्साहित करने के दृष्टिगत वाराणसी में आने वाले आगंतुकों श्रद्धालुओं स्थानीय जनता को जागरूक करने हेतु वाराणसी नगर निगम विभिन्न माध्यमों से संदेश प्रसारित कर रहा है। जिसके अंतर्गत लोगों से एकल प्रयोग वाले प्लास्टिक थैलों के स्थान पर पुनः प्रयोग किए जा सकने वाले कपड़े के थैलों अथवा स्वतः अपघटित हो सकने वाले प्राकृतिक वस्तुओं से निर्मित थैलों के प्रयोग हेतु अपील की जा रही है।इस सम्बंध में पथ विक्रेताओं,दुकानदारों एवं व्यापरियों से अनुरोध है कि वह विक्रय में प्लास्टिक थैलों के स्थान पर उन्हीं के समतुल्य स्वतः अपघटित होने वाले कपड़े,गन्ने अथवा मक्के से बने थैलों का ही प्रयोग का ही प्रयोग करें। एकल प्रयोग वाले प्लास्टिक प्रयोग को निषिद्ध करने के लिये वाराणसी नगर निगम द्वारा निरंतर प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। प्रतिबंधित प्लास्टिक का उत्पादन,भंडारण, वितरण,विक्रय एवं प्रयोग करते पाए जाने पर वाराणसी नगर निगम द्वारा सम्बन्धित व्यक्ती एवं संस्थान को जुमार्ना लगाने के साथ ही समान जब्ती की कार्यवाही भी की जाएगी। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के द्वारा नगर निगम के सभी सम्बंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे नियमित चक्रमण करते रहें।

# डा. अंबेडकर पर अमित शाह की टिप्पणी के बाद अंबेडकर वाहिनी कार्यकर्ताओं में आक्रोश, किया विरोध प्रदर्शन

### बोले, संसद में माफी मांगें गृहमंत्री

उजाला संचार

**वाराणसी।** गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के खिलाफ संविधान प्रेमियों और सपा अंबेडकर वाहिनी कार्यकताओं ने कड़ा विरोध जताया। संकटमोचन मंदिर के पास स्थित डा. अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ ही बाबा साहेब की आरती उतारी।

बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव सत्यप्रकाश सोनकर, पूर्व पार्षद वरुण सिंह और युवजन सभा के पूर्व महानगर उपाध्यक्ष संजय यादव के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में गृह मंत्री के सद्बुद्धि की कामना की गई। सत्यप्रकाश सोनकर ने भाजपा पर संविधान विरोधी मानसिकता का आरोप लगाते हुए कहा, ₹बाबा साहेब ने हमें अपने जीवन को बेहतर बनाने का अधिकार दिया।



संविधान की धज्जियां उड़ाने में भाजपा सबसे आगे है।₹

पूर्व पार्षद वरुण सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के समय भाजपा ने चार सौ सीटें जीतने के नारे के साथ संविधान बदलने की योजना का संकेत दिया था। जनता ने इसके खिलाफ वोट देकर भाजपा को बहुमत के लिए सहायक दलों पर निर्भर कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा की संविधान विरोधी नीतियां उसे फिर से हार का सामना करवाएंगी।

सपा युवजन सभा के पूर्व महानगर उपाध्यक्ष संजय यादव ने भाजपा नेताओं पर बार-बार संविधान और अंबेडकर विरोधी बयान देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह संविधान को कमजोर करने का प्रयास है, जिसे अंबेडकर समर्थक कभी सहन नहीं करेंगे।

विरोध प्रदर्शन में ई. सत्यप्रकाश, उमेश सोनकर, अजय यादव, आशीष राय, सचिन यादव, योगेन्द्र आर्या, बबलू यादव आदि शामिल रहे।

### नगर निगम का आज दूसरे दिन भी चला अभियान, ग्यारह बड़े बकायेदारों का पेयजल एवं सीवर कनेक्शन

## कनेक्शन काटने के पूर्व ही चार भवन स्वामियों के द्वारा रु0 3.05 लाख जमा किया जलकर व सीवरकर

उजाला संचार

**वाराणसी।** जलकल विभाग द्वारा आज दूसरे दिन भी बड़े जलकर व सीवरकर के बकायेदरों के विरूद्ध अभियान जारी था। आज दूसरे दिन 11 भवनों से पानी एवं सीवर का कनेक्शन काटा गया। चार भवन स्वामियों के द्वारा कनेक्शन काटने गये टीम को तत्काल रु0 3.05 लाख की धनराशि जमा की गयी। तथा कुछ के द्वारा लिखित रूप से आगामी कुछ ही दिनों में अपने बकाये कर को जमा करने का आश्वासन दिया गया। आज की कार्यवाही मुख्यतः कोतवाली जोन के अन्तर्गत की गयी। महाप्रबन्धक जलकल के द्वारा सभी बड़े बकायेदरों से अपील की गयी है कि वे अपने भवन का जलकर व सीवर कर तत्काल जमा कर दें, जिससे उनके विरूद्ध होने वाले उत्पीड़न की कार्यवाही से बचा जा सके। आज की कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जलकल श्री अनार सिंह एवं सहायक अभियन्ता कौशल कुमार कौशिक के नेतृत्व में की गयी।

# महाकुंभ के दौरान बाबा विश्वनाथ को स्पर्श नहीं कर सकेंगे भक्त, सिर्फ होंगे झांकी दर्शन

उजाला संचार

**वाराणसी।** प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ का पलट प्रवाह काशी में भी होगा। इस दौरान 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के काशी आने का अनुमान है। ऐसे में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए सावन का प्रोटोकॉल लागू होगा। इस दौरान श्रद्धालुओं को बाबा के झांकी दर्शन ही होंगे।

इस दौरान दैनिक पास भी निरस्त रहेंगे। मंदिर प्रशासन ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। धाम बनने के बाद पहली बार महाकुंभ हो रहा है। श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते



हुए सुरक्षा, सुविधा और सुगमता को आधार बनाकर तैयारियां चल रही हैं।

भारी भीड़ को देखते हुए धाम क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और आपात स्थिति से निपटना पहली प्राथमिकता होगी। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए धाम में सुविधाओं के इंतजाम और तीसरे नंबर पर सुगम दर्शन की व्यवस्था को रखा गया है। ऑनलाइन दर्शन- पूजन और रुद्राभिषेक के साथ ही पूरे महाकुंभ के दौरान झांकी दर्शन की व्यवस्था रहेगी। बड़े अखाड़ों और महामंडलेश्वर को स्पर्श दर्शन की अनुमति मिल सकती है लेकिन इस पर फैसला मंदिर न्यास की अगली बैठक में लिया जाएगा।

हेल्पडेस्क से लेकर प्रसाद, फूल-माला और दूध के इंतजाम भी धाम में ही रहेंगे। कतारबद्ध श्रद्धालुओं को प्रसाद लेने में दिक्कत नहीं होगी। उन्हें धाम के अंदर ही प्रसाद, जल, दूध सब मिलेगा। प्रवेश और निकास के अलग-अलग मार्ग होंगे।

# समाजवादी छात्र सभा के कार्यकताओं ने की अमित शाह का पुतला फूंकने की कोशिश

**वाराणसी।** डॉ. भीमराव अंबेडकर के बयान पर मचे राजनीतिक घमासान के बीच, विपक्ष का विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। इसी क्रम में वाराणसी में समाजवादी छात्रसभा के कार्यकताओं ने गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंकने का प्रयास किया। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस ने पुतला जलाने की कोशिश को नाकाम कर दिया। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच हल्की झड़प भी हुई।




समाजवादी छात्रसभा के नेता और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विमलेश यादव ने आरोप लगाया कि संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिया गया बयान डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान है। उन्होंने कहा, बाबा साहब ने देश का संविधान बनाया, जिसे पूरा देश सम्मान की दृष्टि से देखता है। गृहमंत्री का बयान भाजपा की मानसिकता को दशार्ता है। हमने इसी के विरोध में उनका पुतला फूंकने की कोशिश की।

# रोपवे की रोप पुलिंग का काम पूरा, गोदौलिया स्टेशन के लिए तलाश रहे जमीन

उजाला संचार

**वाराणसी।** रोपवे की रोप पुलिंग का काम पूरा कर लिया गया है। 55 एमएम तक का काम पूरा कर लिया गया है। गोदौलिया स्टेशन के लिए भी जमीन की तलाश की जा रही है। जमीन चिह्नित होने के बाद स्टेशन निर्माण शुरू कराया जाएगा।

रोपवे के लिए रोप पुलिंग का काम एक माह से चल रहा था। स्विटजरलैंड के इंजीनियरों और तकनीकी टीम की देखरेख में रोप पुलिंग का काम कराया गया। रोप पुलिंग के पहले फेज का काम पूरा हो चुका है। अब जल्द ही ट्रायल शुरू होगा। रोपवे के गोदौलिया




स्टेशन को लेकर पेंच फंसा है। पहले से चिह्नित स्थान पर रोपवे स्टेशन निर्माण को लेकर स्थानीय दुकानदारों व नागरिकों की आपत्ति के बाद नई जगह तलाशी जा रही है। विकास प्राधिकरण के साथ ही कार्यदायी संस्था जमीन तलाश रही है।

### टी-20 प्रतियोगिता का फाइनल मैच में परिचालन विभाग ने रेलवे सुरक्षा बल को 53 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया

**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं मंडल क्रीड़ा अधिकारी श्री बलेन्द्र पाल के नेतृत्व में मंडल के मिनी स्टेडियम में चल रही अंतर विभागीय ळ-20 प्रतियोगिता के अंतिम दिन आज दिनांक 19 दिसम्बर 2024 को फाइनल मुकाबला परिचालन विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल के बीच खेला गया । इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक एवं मंडलीय अधिकारीयों ने उपस्थित रहकर खिलाडियों का हौसला बढ़ाया ।परिचालन विभाग में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 19.5 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 215 रन बनाएं ।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकताओं ने राहुल गांधी का फूंका पुतला, लगाया ये आरोप

उजाला संचार

**वाराणसी।** गिरजाघर चौराहा, गीता मंदिर के पास भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा काशी क्षेत्र के कार्यकताओं द्वारा राहुल गांधी का प्रतीकात्मक पुतला फूंका गया। यह आयोजन ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सोमनाथ विश्वकर्मा और दादा के पौत्र आशीष राय चौधरी मौजूद रहे।



बृहस्पतिवार को संसद भवन में राहुल गांधी द्वारा संसद में किए गए कथित अमर्यादित व्यवहार के विरोध में कार्यकताओं द्वारा पूतला फूंका गया। आरोप लगाया गया कि उन्होंने संसद भवन में भाजपा सांसद प्रताप सिंह सारंगी को धक्का देकर उनको चोटिल किया, जिससे न केवल संसद की गरिमा को ठेस पहुंची, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के मंदिर माने जाने वाले संसद भवन का भी अपमान हुआ।

### श्री नीलकंठ महादेव और श्री शिर्डी साईं बाबा मंदिर के 13वें वार्षिकोत्सव पर 75 लोगों ने किया रक्तदान

**वाराणसी।** मलदहिया स्थित श्री नीलकंठ महादेव और श्री शिर्डी साईं बाबा मंदिर में 13वें वार्षिकोत्सव के दौरान दो दिवसीय साईं उत्सव 2024 का आयोजन किया गया। इस उत्सव के पहले दिन रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और आयुष चिकित्सा के अंतर्गत नाड़ी परीक्षण के बाद औषधि वितरण किया गया। इस अवसर पर 75 लोगों ने रक्तदान किया, और साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण और दवा वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा काशी क्षेत्र, महेश चंद्र श्रीवास्तव और वाराणसी विकास प्राधिकरण के सदस्य अम्बरीश सिंह भोला ने किया। एलोपैथिक चिकित्सा में डॉ. इशिता पाठक की टीम ने 116 मरीजों को परामर्श दिया, जबकि आयुर्वेद चिकित्सा में डॉ. शैलेन्द्र कुमार वर्मा की टीम ने 209 लोगों को परामर्श और निशुल्क दवा दी। कार्यक्रम के आयोजक रजनीश कनौजिया जी थे, और इसमें प्रेम मिश्रा, अशोक जायसवाल, राम भजन अग्रहरि, अशोक जाटव, कैलाश साहू, गुलशन कनौजिया, अंकिता लिल्हा, आशीष कन्नौजिया, गौतम प्रसाद, राहुल गुप्ता, उज्जवल कनौजिया, उत्कर्ष चौधरी, आदित्य चौधरी, जय सैनी एवं श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय चिकित्सालय रक्त बैंक की टीम मौजूद रही।

# संपन्न समाज में शिक्षित और संस्कारिक महिलाओं की भूमिका अहम : आनंदीबेन पटेल

**वाराणसी।** महाराज काशीराज धर्मकार्य निधि के तीन प्रतिष्ठित महाविद्यालयों महारानी गुलाब कुंवरी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पिंडरा), महारानी बनारस महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय (रामनगर), और महाराज बलवंत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय (गंगापुर) का संयुक्त दीक्षांत समारोह बुधवार को पिंडरा में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। समारोह की शुरूआत शैक्षिक शिष्ट-यात्रा से हुई। इसमें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल, महाराज काशीराज धर्मकार्य निधि



के अध्यक्ष महाराज (डॉ.) अनन्त नारायण सिंह, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलसचिव, कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी, मुख्य अतिथि प्रो. एस. अहिल्या (कुलपति, कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय, बैंगलुरु), महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्रबंध समिति, विद्वत परिषद के सदस्यों ने भाग लिया।

राष्ट्रगान और सरस्वती वंदना के बाद पूर्व काशी नरेश (डॉ.) विभूति नारायण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। वैदिक मंगलाचरण के साथ अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके बाद महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलसचिव डॉ. सुनीता पांडे ने तीनों महाविद्यालयों के प्राचार्यों को डिग्री वितरण के लिए आमंत्रित किया। प्राचार्यों ने अपने-अपने महाविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर उपाधिधारकों को प्रस्तुत किया।

# बरेका में 'स्वच्छता ही सेवा 2024' अभियान के अंतर्गत विजेताओं का भव्य सम्मान समारोह आयोजित

उजाला संचार

**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में 'स्वच्छता ही सेवा 2024' अभियान का समापन एक गरिमामय समारोह के साथ हुआ, जिसमें स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विभागों, कर्मचारियों और टीमों को पुरस्कृत किया गया। यह कार्यक्रम स्वच्छता के प्रति बरेका की प्रतिबद्धता और जागरूकता को प्रदर्शित करने का एक अद्वितीय उदाहरण रहा। कार्यक्रम के दौरान जन संपर्क विभाग द्वारा तैयार किए गए वीडियो क्लिप को भी प्रदर्शित किया गया।



1. स्वच्छता गतिविधियांः अभियान के तहत आयोजित विभिन्न गतिविधियों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनमें शामिल हैंः स्वच्छता वृक्ष, ह्यूमन चैन, मैराथन, साइक्लोथान, और वॉकथान, जिन्होंने सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया।

# किसानों के उत्थान को समर्पित है सरकार -पूनम मौर्या

## कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को दिये आधुनिक खेती के टिप्स

**वाराणसी।** प्रदेश की मौजूदा सरकार किसानों के हितों की रक्षा व उनके उत्थान के लिए समर्पित है।किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं जिससे किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त हो सके।उक्त बातें जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने बृहस्पतिवार को कृषि विभाग द्वारा पिण्ड्रा विकास खण्ड के अलाउद्दीन स्थित साधन सहकारी समिति के परिसर में आयोजित किसान मेला व विकास खण्ड स्तरीय किसान गोष्ठी में किसानों को सम्बोधित करते हुए कही। बतौर मुख्य अतिथि



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत रबी फसलों का बीमा कराने की अपील की।किसानों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि किसान कृषि विभाग के कर्मचारियों व कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिकों से बेहतर सामंजस्य स्थापित योजनाओं का लाभ उठाएं।

उप कृषि निदेशक अखिलेश कुमार सिंह के निर्देशन में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण व कृषि तकनीकी प्रबंध अभिकरण ₹आत्मा योजना₹ अंतर्गत आयोजित किसान मेला/गोष्ठी मे कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डा.राहुल सिंह ने रबी फसलों को झुलसा रोग व पाला से बचाने के उपाय सुझाए एवं खेती की नवीनतम तकनीकों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

### परिवार नियोजन कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की अहम भूमिका : डॉ. अमित सिंह

**वाराणसी।** निजी क्षेत्र में परिवार नियोजन कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने बृहस्पतिवार को 34 निजी अस्पतालों के साथ बैठक कर संवाद किया। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में स्वयंसेवी संस्था द चैलेंज इनिशिएटिव-पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) के सहयोग से यह संवेदीकरण बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी व राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के नोडल अधिकारी डॉ. अमित सिंह ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम से समुदाय को जोड़ने में निजी क्षेत्र के अस्पताल अहम भूमिका निभा सकते हैं।

### वाराणसी में एक शख्स ने की तीन-तीन शादियां, तथ्य छिपाकर कोर्ट को किया गुमराह, अब कोर्ट ने लगाया हर्जाना

उजाला संचार

**वाराणसीः** एक शख्स ने वाराणसी में तीन-तीन शादियां कीं। वहीं तथ्य छिपाकर कोर्ट से राहत भी पा ली। सच्चाई सामने आने के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने याची जितेंद्र यादव पर 50 हजार रुपये हजार्ना लगाया है। एसओ चेतगंज को जांच करने का निर्देश दिया है। कहा है कि यदि संज्ञेय अपराध हो तो मुकदमा दर्ज करें। साथ ही उसे दी गई अंतरिम सुरक्षा का आदेश रद्द कर याचिका खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने शिवांगी सिंह व जितेंद्र यादव की याचिका पर दिया है। अपनी मर्जी से शादी करने वाले याचियों ने परिवार से जीवन को खतरा बताते हुए सुरक्षा मांगी थी। हाईकोर्ट ने पुलिस कमिश्नर वाराणसी को सुरक्षा देने का निर्देश दिया था। इसके बाद विपक्षी परिवार की ओर से अर्जी दाखिल कर कहा गया कि कोर्ट को गुमराह कर अंतरिम राहत मांगी गई।

जितेंद्र यादव ने 17 मार्च 2013 को प्रियंका यादव से शादी की थी। इसके बाद 13 मार्च 2019 को शिखा यादव से शादी की।

उजाला संचार - मुद्रक, प्रकाश, प्रधान संपादक **महेंद्र कुमार सोनकर** द्वारा मीडिया टेक्स्ट, प्रा.लि. गोबिंदपुर, जीटी रोड, रोहनिया (वाराणसी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। भिखारीपुर, बीएलडब्ल्यू, शहर वाराणसी, (उ.प्र.)। संपर्क : 0542-4059021, 9696104265, 9696104269
समाचार पत्र में प्रकाशित खबरों के लिए समस्त वाद वाराणसी न्यायाल के अधीन होंगे।